प्रचुरता : चूना पत्थर तथा पोटेशियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

कमी : नाइट्रोजन, फास्फोरस तथा ह्यूमस की कमी है।

2. काली मिट्टी :- इसका निर्माण बेसाल्ट चट्टानों के टूटने फूटने से होता है। इसे लावा निर्मित मिट्टी कहते है। इसमें सर्वाधिक मात्रा में ह्यूमस होता है यह मिट्टी सबसे ज्यादा जल सोखती है। काली मिट्टी को रेगुर मिट्टी, कपास की मिट्टी और लावा मिट्टी भी कहीते हैं। इस मिट्टी का काला रंग **'टिटेनीफेरस मैग्नेटाइट'** की उपस्थिति के कारण होता है। यह कपास तथा गन्ना के उत्पादन के लिए अच्छी है यह 13% क्षेत्र पर पाया जाता है।

क्षेत्र : मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक

प्रायद्वीपीय भारत में काली मिट्टी सबसे ज्यादा पायी जाती है। काली मिट्टी का सबसे ज्यादा विस्तार महाराष्ट्र में देखने को मिलता है।

BY KHAN SIR मानचित्र विशेषज्ञ

3. लाल मिट्टी :- लाल मिट्टी प्रायद्वीपीय भारत के कम वर्षा वाले क्षेत्रों में पायी जाती है। इस मिट्टी का रंग लाल फेरिक ऑक्साइड के उपस्थिति के कारण होता है। इसमें खनिज अधिक पाये जाते हैं। इस मिट्टी में लोहा और सिलिका की अधिकता होती है। किन्तु यह खेती के लिए के लिए अच्छी नहीं है। यह मिट्टी तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, नागालैण्ड, महाराष्ट्र, कर्नाटक के कुछ भाग में पायी जाती है। सबसे ज्यादा इसका विस्तार तमिलनाडु एवं आंध्रप्रदेश में देखने को मिलता है। यह मिट्टी बाजरे की खेती के लिए उपयुक्त होती है। जब लाल मिट्टी जल सोख लेती है यानि कि जलयोजीत रूप में होती है जब यह पीली दिखाई पड़ती है। ये 18% क्षेत्र पर पाए जाते हैं।

4. लेटेराइट मिट्टी :- यह मिट्टी उस क्षेत्र में पायी जाती है जहाँ पर 200 सेंटीमीटर से अधिक वर्षा होती है और अत्यधिक गर्मी पड़े। इसे मखमली मिट्टी भी कहते हैं। इसका निर्माण निच्छालन (Ltching) द्वारा होती है इस विधि में तेज वर्षा के कारण मिट्टी के छोटे-छोटे कण भूमि के अंदर घूस जाते हैं। जिसमें यह भूमि ऊपर से पथरिली दिखती है। इस मिट्टी में लौह-ऑक्साइड एवं एल्युमिनियम की भरपूर मात्रा होती है। लौह-ऑक्साइड के कारण ही इस मिट्टी का रंग लाला होता है। यह मिट्टी मुख्यत: केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में और उड़ीसा, मेघालय, असम की कुछ हिस्सों में पायी जाती है। यह काजू, मशाला, काफी, इलाइची तथा भवनों के ईंट बनाने के लिए अच्छी है इसका सर्वाधिक विस्तार केरल है। जिस कारण इसे मशालों का राज्य कहते हैं।

5. पर्वतीय मिट्टी :- इस प्रकार की मृदा का विस्तार पर्वतों पर देखने पर मिलता है। जहाँ पर हिमालय पर्वत का विस्तार है वहीं इस प्रकार की मिट्टी पायी जाती है। पर्वतीय का विस्तार जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम , अरुणाचल प्रदेश में देखने को मिलता है। यह अत्यधिक कठोर होती है जिस कारण बनस्पती का अभाव होती है यहाँ जंगली झारिया होती है और अल्पाइन वृक्ष पाया जाता है। यह भारत के उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में पाये जाते हैं। पर्वतीय ढालों पर सेब, नाशपाती, चाय की खेती की जाती है।

6. दलदली मृदा :- दलदली मृदा का विकास अत्यधिक वर्षा और वनस्पतियों के सड़ने के कारण होता है। दलदली मृदा में ह्यूमस की मात्रा अधिक होती है। दलदली मृदा का विस्तार मुख्यत: केरल, उत्तराखण्ड और पश्चिम बंगाल के कुछ क्षेत्रों में देखने को मिलता है।

7. मरुस्थलीय / बलुई मिट्टी :- इस प्रकार की मृदा में नमी की कमी होती है। इसकी जल सोखने की क्षमता सबसे कम होती है। इसका विस्तार भारत में मुख्यत: राजस्थान, गुजरात, दक्षिण पंजाब और दक्षिण हरियाणा में देखने को मिलता है। मरुस्थलीय भूमि होने के कारण यहाँ पर खाद्यान्न उगना संभव नहीं है। पर मोटा अनाज जैसे-बाजरा, ज्वार और सरसो की खेती की जाती है। इस मिट्टी में खजूर, नागफनी बवूल तथा कटीली झारिया होती है।

8. लवणीय मृदा :- जब मिट्टी की प्रकृति क्षारीय होती है और उसमें नमक की मात्रा बढ़ जाती है तो उसे लवणीय मृदा कहते हैं। लवणीय मृदा को रेह, कल्लर, ऊसर मिट्टी के नाम से भी जाना जाता है। भारत में इस मिट्टी का सबसे ज्यादा विस्तार गुजरातके कच्छ के रण में देखने को मिलता है।

मुख्यत: फसलों उगाने के लिए भूमि का Ph 6 से 7.5 की मध्य होनी चाहिए।

अम्लीय मृदा :- यह खेती के लिए अच्छी नहीं होती है मिट्टी में अम्लीयता को कम करने के लिए चूने का उपयोग किया जाता है।

क्षारीय मृदा :- यह भी खेती के लिए अच्छी नहीं होती है। मिट्टी में क्षारीयता को कम करने के लिए जिप्सम का उपयोग किया जाता है।

Remark : -

भारत नाइट्रोजनी उर्वरक पर आत्म निर्भर है यूरिया में 46% नाइट्रोजन पाया जाता है फास्फेट, उर्वरक की प्राप्ती जानवरों के हड्डी से होती है। इसकी पूर्त्ति के लिए सुपर फास्फेट का छिड़काव किया जाता है। बीजे बोते समय फास्फेट कि अधिक आवश्यकता होती है।

फसल = N : P : K

4 : 2 : 1

बीज रोपण = N : P : K

1 : 2 : 1

Note : भारत की सभी मृदा में N, P तथा ह्यूमस की कमी है

Note : United States Department of Agriculture ने मृदा को 11 भाग में बाँटा है।

(i) Insepti Soil = (जलोढ़)

(ii) Anti Soil = (लाल)

(iii) Algi Soil = (काली)

(iv) Verti Soil = (लेटराइट)

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

भारत की जलवायु

भारत की जलवायु को समझने के लिए सर्वप्रथम मानसुन को समझना पड़ेगा।

मौसम

एक सिमित क्षेत्र के अंतर्गत दिन-प्रतिदिन होने वाले परिवर्तन को मानसुन कहते हैं। मौसम हर दिन बदलता रहता है। अगर हम मौसम को प्रतिदिन देखते हैं तो उसके स्वभाव का पता चल जाता है। जब हम किसी क्षेत्र के मौसम पर हमेशा नजर रखते हैं और उसपर लगातार 30 सालों तक नजर राखते हैं, तो हमें एक बहुत ही बेहतरीन अनुभव लग जाता है। यह मौसम 30 सालों में कैसा रहेगा यही 30 साल का अनुभव और औसत को जलवायु कहते हैं। अर्थात् किसी स्थान अथवा प्रदेश में लम्बे समय के तापमान, वर्षा, वायुमण्डलीय दाब तथा पवनों की दिशा एवं गति की समस्त दशाओं के योग को जलवायु कहते हैं। जलवायु कभी चेंज नहीं होती है। जब हम जल को आग पर गर्म करते हैं और वह वाष्प बनकर ऊपर वायु में चला जाता है और यही जलवायु कहलाता है।

भारत में जलवायु को प्रभावित करने वाले कुछ प्रमुख कारक-

(1) पर्वतों की स्थिति - भारत की जलवायु में पर्वत किस जगह पर है यह भी बहुत ही महत्त्वपूर्ण भुमिका निभाता है। Ex: (a) पश्चिमी तथा पूर्वी घाट पर्वत

(b) हिमालय पर्वत - उत्तर में स्थित हिमालय पर्वत उत्तरी पवनों से हमें अभेद सुरक्षा प्रदान करता है। जमा देने वाली महाठण्डी ($-60^{o}c$) पवनें उत्तरी ध्रुव से चलकर मध्य एवं पूर्वी ऐशिया से भारत की ओर बढ़ती है। उन हवाओं को हिमालय पर्वत रोक लेता है।

(c) अरावली पर्वत

(2) समुद्र से दुरी - समुद्र से आप जितनी दुर जाइएगा मौसम में आपको उतना ही चेंजिंग देखने को मिलेगा। समुद्र की पानी न जल्दी गर्म होती है न ही जल्दी ठण्डी होती है। जो-जो शहर समुद्र के किनारे होता है। वहाँ न ज्यादा गर्मी न ही ज्यादा ठण्डी पड़ती है। वहाँ का मौसम औसत रहता है।

(3) विषुवत रेखा से दुरी - जितना जयादा हम विषुवत रेखा से दुर रहेंगे उतना ही ज्यादा गोरा रहेंगे और जितना ही नजदीक रहेंगे उतना ही ज्यादा काले रहेंगे। विषुवत रेखा से जितनी ही दुरी पर रहेंगे आपकी जलवायु उतनी ही अलग रहेगी। Ex: केरल और तमिलनाडु के लोग काले और जम्मु कश्मिर के लोग गोरे

विषुवत रेखा से जितने हम दुरी पर जाएंगे गर्मी की मात्रा कम होती जायेगी और आपकी जलवायु हल्का-हल्का चेंज होने लगेगा।

(4) समुद्र तट से ऊँचाई - दुनिया के किसी भी ऊँचाई को हम समुद्र तल से मापते हैं। अगर आपकी जगह की ऊँचाई जितनी ज्यादा रहेगी तो ठंड उतनी ही ज्यादा पड़ता है।

(5) मानसुन - हमारी जलवायु मानसुन पर निभर करती है। वैसा काला बादल जिसमें बारिस कराने की मात्रा रहती है उसे मानसुन कहते हैं। ये बादल जब पर्वतों से टकराते हैं तो वर्षा करा देते हैं और बहुत ज्यादा टकरा जाते हैं तो वहाँ बादल फट जाता है। जून-जुलाई में बादल बहुत ज्यादा बनते हैं क्योंकि इस समय सूर्य कर्क रेखा पर रहते हैं। सूर्य समुद्र के पानी को

गर्म कर देता है और पानी वाष्प बनकर ऊपर चला जाता है, यही वाष्प बादल बन जाता है। यह मानसुन हल्का दाहिने ओर घुमकर चलता है। इस मानसुन को अरावली पर्वत नहीं रोक पाती है क्योंकि वह समांतर है और यह उत्तराखण्ड में जाकर बहुत तेजी से हिमालय से टकराता है। यहाँ बादल बहुत अधिक आकर तेजी से टकरा जाते हैं और बहुत तेज बारिस होती है। इसी को बादल का फटना कहा जाता है।

जलवायु

किसी खास जगह जिसके बारे में आपको सटिक जानकारी हो उसी को जलवायु कहते हैं। मौसम का अनुभव जब हमें हो जाता है तो उसका अंदाजा हमें लग जाता है और उसी अनुभव जलवायु कहलाता है। भारत की जलवायु हमेशा एक नहीं रहती है। हमारी हर चीज जलवायु पर ही निर्भर करती है। हमारे देश में एक जैसी जलवायु नहीं पायी जाती है। हमलोग जलवायु को ऋतुओं में बाँट रखे है।

भारत में 4 प्रकार की ऋतुएं पायी जाती है-

(1) शीत ऋतु	-	15 दिसम्बर	-	15 मार्च
(2) ग्रीष्म ऋतु	-	15 मार्च	-	15 जून
(3) वर्षा ऋतु	-	15 जून	-	15 सितम्बर
(4) शरद ऋतु	-	15 सितम्बर	-	15 दिसम्बर

(1) शीत ऋतु - यह 15 दिसम्बर से 15 मार्च तक होता है। ऋतु को सबसे ज्यादा चेंज करने में मुख्य भुमिका सूर्य का होता है। हमारे पृथ्वी पर तीन महत्त्वपूर्ण रेखा है - कर्क रेखा, मकर रेखा, विषुवत रेखा

जब शीत ऋतु का समय होता है तो सूर्य मकर रेखा पर चला जाता है, जिस वजह से भारत की दूरी सूर्य से बढ़ जाती है। जिस कारण भारत में ठंड पड़ने लगता है। ठंडी हवाएं भारी होती है क्योंकि इसमें नमी की मात्रा अधिक होती है। जिस कारण हवाएं भारी होकर निचे बैठ जाती है जिसके कारण उत्तर भारत में ठंडी हवाएं बहुत तेजी से चलने लगती है क्योंकि इसको बहने का रास्ता नहीं मिलता है। उत्तर भारत में हिमालय खड़ा है और हिमालय पूरा बर्फ का है। उससे टकराकर हवाएं बहुत तेजी से निकलती है। जिसे युपी, बिहार, पूरे उत्तर भारत के लोग इसे शितलहर कहते हैं। इस ठंड के दिन में वर्षा नहीं होना चाहिए क्योंकि वर्षा के लिए भाप बनना जरूरी है। ठंड के दिन में वर्षा नहीं होना चाहिए लेकिन ठंड के दिनों में भारत में दो जगहों पर थोड़ी वर्षा हो जाती है। उत्तर भारत और तमिलनाडु में जनवरी के महीने में थोड़-थोड़ी वर्षा हो जाती है। ठंड के दिन में भारत में वर्षा का कारण मानसुन नहीं है। ठंड के दिन में सूर्य मकर रेखा पर चला जाता है और भारत में उच्च दाब बन जाता है।

(2) ग्रीष्म ऋतु - यह 15 मार्च से 15 सितम्बर तक होता है। गर्मी के दिन में सूर्य जून के महीने होने के कारण कर्क रेखा पर चला आता है और वहां की हवाओं को गर्म करके ऊपर उठा देता है जिस वजह वहाँ हवाओं की कमी देखने को मिलता है। वहाँ की कमी को पूरा करने के लिए हवाएं बहुत तेजी से चलने लगती है और आंधी का रूप ले लेती है। इस हवाओं को अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग नामों से जानते हैं। बंगाल में इसे काल वैशाखी, पंजाब में धुल भरी आंधी, यूपी-बिहार में इसे लु, असम में वोडो-चिल्ली।

✦ बादल को वर्षा ऋतु में बरसना चाहिए लेकिन कभी-कभी यह पहले ही वर्षा करा देता है जिसे Premansoon कहते हैं।

✦ मानसुन जब बरसता है तो मौसम ठण्डा रहता है लेकिन Premansoon जब बरता है तो गर्मी और वर्षा दोनों होने लगती है। यह किसी-किसी चीज के लिए फायदा हो जाता है; जैसे अंगुर, आम, फूल। कभी-कभी प्री मानसुन अच्छा साबित हो जाता है। असम में चाय की खेती बहुत अच्छी हो जाती है इसी कारण असम के लागे इस प्री मानसुन का इंतजार करते हैं और कहते हैं ये वर्षा नहीं ये झरना के समान है। इसलिए असम के लोग इसे Tea shower कहते है। कर्नाटक में फुलों की खेती है और फूलों की खेती के लिए यह वर्षा अच्छा काम कर देता है, तो वहाँ के लोग इसे चेरी ब्लासम, केरल के लोग इसे Mango Shower कहते हैं।

(3) वर्षा ऋतु - यह 15 जून से 15 सितम्बर तक होता है। इस समय मानसुन का आगमन होता है। मानसुन की उत्पत्ती अरबी भाषा के मासिम शब्द से हुई है जिस का अर्थ होता है ऋतु के अनुसार वायु की दिशा में परिवर्तन। यह दिशा परिवर्तन कर लेता है। भारत में मानसुन दक्षिण-पश्चिम दिशा से जून के पहले सप्ताह में केरल में प्रवेश करता है और 15 जुलाइ तक पूरे भारत में फैल जाता है। सबसे अंत में पंजाब में पहुँचता है। सबसे ज्यादा वर्षा मेघालय के मानसीराम में 1400 cm वर्षा होती है। रेन गेज से वर्षा को मापते हैं। सबसे कम वर्षा लेह में होती है। लौटते मानसुन से वर्षा आंध्र प्रदेश तथा तमिलनाडु में होते हैं।

भारत में मानसुन दो दिशा से आती है-

भारत में आने वाला मानसुन दक्षिण-पश्चिम मानसुन होता है। यह मानसुन 80% वर्षा कराती है।

भारत में लौटने वाला मानसुन उत्तर-पूरब मानसुन होते हैं जो 17% वर्षा कराती है।

शेष 3% वर्षा पश्चिमी विक्षोभ कराती है।

(4) शरद ऋतु - यह 15 सितम्बर से 15 दिसम्बर के बीच होता है। इस समय मानसुन लौट चुका होता है। मानसुन लौटने के कारण आसमान पूरी तरह साफ हो चुका रहता है जिस कारण चिलचिलाती धुप पड़ती है। इस समय मौसम औसत रहता है क्योंकि सूर्य हमसे दूर जा रहा होता है।

ooo

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

भारत की वन

भारत में वन अनुसंधान केन्द्र देहरादुन में है। सबसे ज्यादा वन मध्यप्रदेश में है। केन्द्रशासित पद्रेश में सबसे ज्यादा वन अण्डमान निकोबार में है। किसी भी क्षेत्र में 33% वन का होना आवश्यक है। प्रत्येक 3 साल पर वनों का रिपोर्ट जारी किया जाता है। हमलोगों के पास औसत 23 से 24% ही वन बचा रहता है। जबकि 33% जंगल होना चाहिए। हमलोग ज्यादा विकसित भी नहीं हैं तब भी हमारे पास जंगल नहीं है क्योंकि, हम लोग सभी चीजों का उसका उपयोग नहीं किया है जबकि जापान में 66% जंगल है और वह हमसे बहुत आगे हैं। भारत उष्ण कटिबंधिय क्षेत्र में आता है इसलिए यहां हर जंगल उष्णकटिबंधिय क्षेत्र में आता है।

1. उष्ण कटिबंधिय सदाबहार वन – किसी भी वन का विकसित होने के लिए वर्षा तथा तापमान की जरूरत होती है। यहाँ वर्षा अच्छी खासी 200 cm से अधिक होती है और तापमान 22 से 23°C रहता है। यहाँ पेड़ की कई किस्में पाई जाती है। ऐसे क्षेत्र में सभी प्रकार की वनस्पति निकलती है ओर इन पेड़ों में पानी की कोई कमी नहीं रहती है जिस कारण यहाँ पेड़ ज्यादा निकल जाते हैं लेकिन इन्हें धुप की कमी हो जाती है। धुप तो उसी को मिलेगा जो सबसे लम्बा होगा इसलिए यहाँ की वनस्पति बहुत तेजी से वृद्धि करते हैं। यहाँ के पेड़ पतले लम्बे और सघन होते हैं। इनकी लकड़ियाँ कठोर होती है। इनको ज्यादा जरूरत वर्षा की होती है। 200 cm से अधिक वर्षा विषुवत रेखा पर ही देखने को मिलते हैं इसलिए सदाबहार वन ज्यादातर विषुवत रेखा पर ही देखने को मिलते हैं। इसके अलावा जहाँ सबसे अधिक वर्षा होगी वहाँ ये वन देखने को मिलेंगे।

भारत में इस प्रकार की वनों का विकास पश्चिमी घाट पर्वत, मेघालय तमिलनाडु, उत्तर पूर्वी पहाड़ी तथा अण्डमान निकोबार द्विप में हुआ है। यह वन वर्ष भर हरे भरे रहते हैं। क्योंकि यहाँ के पेड़े पौधों में पतझर का समय भिन्न-भिन्न है। यहाँ के मिट्टी में ह्युमस की मात्रा बहुत अधिक होती है। जिस कारण यहाँ नये-नये पौधे जमकर इस वन को घना कर देते हैं। इनमें ज्यादातर रोजवुड, आयरनवुड, महोगनी, अबुनुस का वृक्ष पाया जाता है। इनकी लकड़ियाँ बहुत कठोर होती है। जिस वजह से इनका आर्थिक दोहन करना बहुत कठिन है। इसे वर्षा वन भी कहते हैं।

2. उष्ण कटिबंधिय पर्णपाती वन – इस प्रकार के वनों का विकास वहाँ होता है जहाँ 100 से 200 cm तक वर्षा होती है। लेकिन यहाँ का तापमान 25°c होता है जिस कारण यहाँ गर्मी ज्यादा पड़ जाती है और पानी कम पड़ जाते हैं। भारत में सबसे अधिक यही पतझर वाले वन देखने को मिलते हैं। इनमें पतझर का मौसम एक साथ आ जाता है जिसमें विराम देखने को मिल जाता है। इस प्रकार के वनों का आर्थिक विदोहन सर्वाधिक होता है। इस वन के वृक्ष की लकड़ी मुलायम और मजबुत होती है। जैसे आम, जामुन, साल, शीशम, सागवान महुआ। इस वन को मानसुनी वन भी कहते हैं।

3. उष्ण कटिबंधिय शुष्क पर्णपाती वन – इन वनस्पतियों का विकास उस क्षेत्र में होता है जहाँ 70 से 100 cm वर्षा होता है। इन वनस्पतियों में शुष्क काल की अवधि लम्बी होती है तथा वृक्ष सघन न होकर विरल होते हैं एवं पेड़ों के बीच घास भुमियाँ पाई जाती है जिस कारण विशाल आकार वाले जानवरों के लिए यह वन क्षेत्र अच्छा होता है। यहाँ बेल, पीपल, तेंदु खैर, बरगद, भोजपत्र, शखुआ वृक्ष पाये जाते हैं।

Note : कत्या बनाने के लिए खैर वृक्ष की लकड़ी तथा बिड़ी बनाने के लिए तेंदु वृक्ष के पत्ते का उपयोग किया जाता है।

4. पर्वतीय वन – भारत में पाये जाने वाले पर्वतीय वन हिमालय एवं प्रायद्विपिय पठारी क्षेत्र में पाये जाते हैं। 2500–4000 m की ऊँचाई पर ये वन पाये जाते हैं। यहाँ ठण्ड मायने रखता है। बर्फ से बचने के लिए इनका आकार कोणधारी या शंकुधारी हो जाता है। इसे कोणधारी, शंकुधारी तथा अल्पाइन वन भी कहते हैं। जब पर्वतों की ऊँचाई 4000 m से अधिक हो

जा तो वहाँ अत्यधिक बर्फ पड़ने के कारण वहां किसी भी प्रकार का पेड़ पौधों का निकलना मुश्किल हो जाता है।

5. मरुस्थली वन – यह वन उन क्षेत्रों में पाई जाती है जहाँ वर्षा 50 cm से कम होती है। ये वन ज्यादातद राजस्थान में देखने को मिलते हैं। इनमें काटे पाये जाते हैं।

6. दलदलीय वन – यहाँ पर दलदली मिट्टी पाई जाती है। यहाँ की वन की लकड़ियाँ बहुत मजबुत और कठोर होती है यहाँ के पेड़ मिडियम साइज के होते हैं ये दूर से सदाबहार वन की तरह ही दिखते हैं। ये बहुत घना होते हैं। नाव बनाने के लिए इसी वन की लकड़ी का प्रयोग होता है। ये वन पश्चिम बंगाल के सुन्दर वन डेल्टा में पाये जाते हैं।

जंगल को बढ़ाने के लिए हमें वानिकी करना पड़ेगा

1. सामाजिक वानिकी – इस वानिकी में आम जनता को प्रेरित किया जाता है कि वो पेड़ लगाएं।

2. कृषि वानिकी – कृषि वानिकी का अर्थ होता है एक ही भुमि पर कृषि फसल एवं वृक्ष प्रजाति को विधिपुर्वक रोपित कर दोनों की ऊपज लेकर आय बढ़ाना। खेती के साथ-साथ जंगल लगवाना। इसी कृषि को Eco family कृषि कहते हैं।

3. सामुदायिक वानिकी – इस वानिकी के द्वारा सरकार समुदाय के लोगों को लेकर सरकारी जमिन को चिह्नित कर जंगल लगवाती है और उन्हीं लोगों को उसका रखवाली करना होता है और कृत्रिम जंगल बनवाया जाता है।

4. फर्म वानिकी – इसके अंतर्गत किसानों से ऐसे वन लगवाया जाता है जिसका प्रयोग व्यापारिक महत्त्व और औषधी के लिए किया जा सके वन विभाग इसके लिए किसानों को निःशुल्क पौधा उपलब्ध कराती है।

5. शहरी वानिकी – शहरों के इर्द-गिर्द व सार्वजनिक भुमि जैसे हरित पट्टी, पार्क, सड़कों के डिवाइडर, औद्योगिक और व्यापारिक स्थलों पर वृक्ष लगाना और उनका प्रबंधन शहरी वानिकी के अंतर्गत आता है।

ooo

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

कृषि (AGRICULTURE) शस्यन

भारत एक कृषि प्रधान देश है। भारत की कुल जनसंख्या का 65% आबादी कृषि पर निर्भर है। किन्तु भारत के राष्ट्रीय आय में कृषि का योगदान मात्र 15% है। हमारे यहाँ कृषि में पैदावार कम होता है जिसका मुख्य कारण खेत का छोटा होना है। हमारे यहाँ कृषि व्यापारिक न होकर जीवन निर्वाहन कृषि की जाती है।

कृषि कई प्रकार की होती है-

(1) जीवन निर्वाहन कृषि - भारत की खेती, द्विसश्यन

(2) मिश्रित कृषि - कम जगह में ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए मिश्रित कृषि की जाती है। इसमें कृषि और पशुपालन दोनों साथ-साथ किया जाता है।

(3) द्वि फसली कृषि - इस प्रकार की कृषि में दो-दो फसल एक साथ उगाये जाते हैं। एक की जड़ कम गहरी दुसरी की जड़ ज्यादा गहरी एक कम पानी सोखता है दुसरी ज्यादा पानी सोखता है।

(4) DROP फार्मिंग - इसका प्रयोग फूलों की खेती के लिए किया जाता है। इसमें फुहारों वाला सिंचाई का प्रयोग किया जाता है।

(5) Truck Farming - यह खेती भारत में न के बराबर ही होती है।

हमारे यहाँ अलग-अलग मौसम में अलग-अलग फसल उगाये जाते हैं। हमारे यहाँ की कृषि पूरी तरह मानसुन पर निर्भर होती है।

भारत में फसलों का वर्गीकरण-

भारत में मुख्यतः तीन फसलें उगाई जाती है-

(1) जायद फसल - यह फसल मार्च में बोया जाता है। इसमें मुख्य रूप से सब्जी, तरबुज, खिरा, ककड़ी आते हैं। यह बहुत जल्दी समय में लग जाता है। मई में इस फसल को काट लिया जाता है। ये बहुत तेजी से बढ़ते हैं।

(2) खरीफ फसल - इसे जुलाई के महीने में बोया जाता है। इस फसल को पानी की ज्यादा जरूरत नहीं होती। इसमें मुख्य रूप से चावल, ज्वार, बाजरा, मक्का आते हैं। इसे मानसुनी फसल भी कहते है। इसकी कटाई अक्टुबर-नवम्बर में की जाती है।

(3) रवी फसल - ये फसल ठण्ड के दिन में नवम्बर में बोये जाते हैं। इसमें पानी की आवश्यकता बहुत ही कम होती है। इसकी कटाई मार्च में की जाती है। Ex: गेहूँ, जौ, सरसों, चना, मटर, अलसी, तिसी

प्रमुख खाद्यान फसल - गेहूँ, चावल, जौ, मोटे अनाज, दाल

नगदी फसल

वैसा फसल जो पैसा कमाने के लिए बोया जाए उसे नगदी फसल कहते हैं।

(1) गन्ना - गन्ना का जन्म स्थान भारत है। गन्ना उत्पादन में भारत ब्राजील के बाद दुसरा स्थान पर है जबकि खपत की दृष्टि से भारत प्रथम स्थान पर है। हमारे यहाँ विश्व का लगभग 40% गन्ना उत्पादन होता है। गन्ना की फसल तैयार होने में 1 साल लग जाता है। उत्तर प्रदेश गन्ना उत्पादन में अग्रगन्य राज्य है। उत्तर प्रदेश अकेले ही देश के लगभग 45% गन्ना उत्पादन

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

कर देता है। उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर है। भारत में सर्वाधिक चीनी मिल उत्तर प्रदेश में है जबकि चीनी उत्पादन में पहला स्थान महाराष्ट्र का है।

(2) चाय – पूरे विश्व में चाय का सर्वाधिक उत्पादन चीन एवं सर्वाधिक उपभोक्ता वाला देश भारत है। भारत में सर्वाधिक चाय का उत्पादन असम में होता है। जबकि दूसरा स्थान पश्चिम बंगाल का है। चाय की प्राप्ति पत्ती से होती है। चाय में थीन पाया जाता है, जो थकान को दुर करता है। चाय का सबसे ज्यादा निर्यात श्रीलंका करता है।

(3) कहवा – यह भारत में सबसे ज्यादा कर्नाटक में पाया जाता है। कॉफी की प्राप्ती बीज से होती है। इसमें कैफिन पाया जाता है जो निंद को भगा देता है।

(4) कपास – इसकी प्राप्ती बीज से होती है। इसे कच्चे माल के रूप में सुती वस्त्र उद्योग में प्रयोग किया जाता है। पूरे भारत में कपास का सर्वाधिक उत्पादन गुजरात करता है जबकि दूसरा स्थान महाराष्ट्र का है। कपास के उत्पादन में 200 दिन धुप का लगना आवश्यक है। कपास को White Fiver भी कहते हैं।

(5) जूट (पटसन) – ये पौधे के तना से प्राप्त होता है। इसके तने को पानी में भीगोकर इसके छाल को निकाल कर बोड़ा या सुतरी बनाया जाता है। इसे Golden Fiver कहते हैं। पश्चिम बंगाल इसके उत्पादन में अग्रगन्य राज्य है।

प्रमुख फसल उसके उत्पादक राज्य

(1) चावल – यह भारत का सबसे प्रमुख खाद्यान फसल है। भारत में सर्वाधिक चावल उगाया जाता है इसकी कृषि पूरी मानसुन पर निर्भर करती है, क्योंकि चावल के खेत में हमेशा पानी का होना आवश्यक है। भारत में सर्वाधिक चावल उत्पादन पश्चिम बंगाल में होता है। छत्तीसगढ़ को चावल का कटोरा कहा जाता है। कृष्णा नदी घाटी को दक्षिण भारत का चावल का कटोरा कहा जाता है। चावल के कृषि के लिए 125 cm – 200 cm वर्षा जरूरी माना जाता है।

Note : वैज्ञानिकों ने जीन परिवर्तन करके विटामिन-A की कमी को दूर करने वाले चावल का विकास किया है, इस चावल का नाम **गोल्डन राइस** रखा गया है। गोल्डन राइस में पर्याप्त मात्रा में **बीटाकैरोटीन** पाया जाता है।

(2) गेहूँ – यह भारत का दूसरा खाद्यान फसल है। गेहूँ उत्पादन में पहला स्थान उत्तर प्रदेश का है जबकि प्रति हेक्टेयर में सबसे अधिक उत्पादन पंजाब करता है। गेहूँ के लिए अधिकतम 50cm – 75 cm वर्षा उपयुक्त माना जाता है। विश्व में गेहूँ उत्पादन में चीन के बाद भारत दूसरा स्थान पर आता है।

(3) जौ – जौ भी देश की एक महत्वपूर्ण खाद्यान फसल है जौ का सबसे प्रमुख उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश है इसकी गणना मोटे अनाजों की श्रेणी में की जाती है। जौ के लिए कम उपजाऊ मिट्टी की आवश्यकता होती है।

(4) बाजरा – यह भी मोटे अनाजों की श्रेणी में आता है। इसका सर्वाधिक उत्पादन राजस्थान में होता है। बाजरा के उत्पादन में भारत विश्व में पहला है।

(5) मक्का – मक्का की उत्पत्ति पाईकॉर्न से हुई है यह एक उभयलिंगी पौधा हे। हमारे देश के अपेक्षाकृत शुष्क भागों में मक्के का उपयोग पमुख खाद्यान के रूप में किया जाता है। मक्का का सर्वाधिक उत्पादन कर्नाटक में होता है। इसके बाद मध्य प्रदेश और बिहार का स्थान आता है। मक्के के उत्पादन में भारत का विश्व में 7वाँ स्थान है।

(6) तिलहन – तिलहनों के उत्पादन में मध्य प्रदेश अग्रणी राज्य है। क्रमशः राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश एवं तमिलनाडु भारत में प्रथम स्थान रखते हैं।

(7) दाल – दालों के उत्पादन तथा उपयोग दोनों दृष्टि से भारत विश्व में प्रथम स्थान रखता है।

(8) रबड़ – रबड़ का जन्म स्थान ब्राजील है। रबड़ के प्रमुख उत्पादक राज्य केरल, तमिलनाडु तथा कर्नाटक हैं। अण्डमान निकोबार में भी रबड़ का उत्पादन होता है।

(9) तम्बाकु – भारत में तम्बाकु उत्पादन के प्रथम तीन शीर्ष राज्य हैं-(i) आंध्र पद्रेश, (ii) गुजरात और (iii) कर्नाटक। भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा तंबाकु निर्यातक तथा चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। भारत में विश्व की कुल 8% तम्बाकु उत्पादन होता है।

प्रमुख खाद्यान फसलों का जन्मस्थान

क्रम	फसल	जन्म स्थान
1.	धान	इण्डोचाइना
2.	मक्का	मध्य अमेरिका
3.	ज्वार	भारत
4.	बाजरा	अफ्रीका
5.	गेहूँ	मध्य प्रदेश
6.	जौ	चीन

प्रमुख फसलें एवं शीर्ष उत्पादक राज्य

फसलें	शीर्ष उत्पादक राज्य
केसर	कश्मीर
काली मिर्च	केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु
छोटी इलायची	केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु
अदरक	मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम
जीरा	राजस्थान, केरल
लौंग	तमिलनाडु, केरल
मिर्च	आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, प. बंगाल
हल्दी	आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक

प्रमुख फल एवं शीर्ष उत्पादक राज्य

फल	शीर्ष उत्पादक राज्य
आम	उत्तर प्रदेश
केला	गुजरात
अंगूर	महाराष्ट्र
अमरूद	मध्य प्रदेश

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

लीची	बिहार
कटहल	असम
काजू	महाराष्ट्र
आंवला	उत्तर प्रदेश
पपीता	गुजरात
अनन्नास	पश्चिम बंगाल
नारियल	तमिलनाडु
सेपोटा	गुजरात
अखरोट	जम्मू और कश्मीर
संतरा	महाराष्ट्र
नींबू वर्ग	आंध्र प्रदेश
सेब	जम्मू और कश्मीर

हरित क्रांति – यह तीसरी पंचवर्षीय योजना के अंतिम समय में 1966 में प्रारंभ हुई, विश्व में इसकी जनक अमेरिकी वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग को मानते हैं। भारत में हरित क्रांति के जनक एस. स्वामी नाथन है। हरित क्रांति शब्द विलियम कार्ड ने दिया था। हरित क्रांति में उन्नत बीज High yield verity के प्रयोग को बढ़ावा दिया गया। हरित क्रांति में मोटे अनाज के उत्पादन पर जोड़ दिया गया। इसमें गेहूँ का उत्पादन बढ़ गया धान का उत्पादन को कोई प्रभाव नहीं पड़ा जबकि दलहन एवं तिहलन का उत्पादन घट गया। हरित क्रांति का केन्द्र UP का सामली में था। हरित क्रांति में सर्वाधिक लाभ पंजाब को हुआ।

द्वितीय हरित क्रांति – इसमें आनुवांशिक रूप से वृद्धि किये गए फसल को बोते हैं। ऐसे फसलों को जेनेटेकिली मोडीफाई (G.M.) फसल कहते हैं।

❍❍❍

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

भारत की प्रमुख बहुउद्देशीय परियोजना

परियोजना	नदी	राज्य
सतलज परियोजना	चिनाव नदी	जम्मुकाश्मीर
सलाल परियोजना	चिनाव नदी	जम्मुकाश्मीर
दुलहस्ती परियोजना	चिनाव नदी	जम्मुकाश्मीर
हिडकल परियोजना	चिनाव नदी	जम्मुकाश्मीर
तुलबुल परियोजना	झेलम नदी	जम्मुकाश्मीर
उड़ी परियोजना	झेलम नदी	जम्मुकाश्मीर
किशनगंगा परियोजना	किशन गंगा नदी	जम्मुकाश्मीर
निम्बो बाजगो परियोजना	सुरु नदी	जम्मुकाश्मीर
भाखड़ा परियोजना	सतलज नदी	हिमाचल प्रदेश
नाथपाझाकरी परियोजना	सतलज नदी	हिमाचल प्रदेश
कोलडैम परियोजना	सतलज नदी	हिमाचल प्रदेश
चमेरा परियोजना	रावी नदी	हिमाचल प्रदेश
पार्वती परियोजना	पार्वती नदी	हिमाचल प्रदेश
टिहरी बांध परियोजना	भागीरथी + भीलंगना नदी	उत्तराखण्ड
टकनपुर परियोजना	शारदा नदी	उत्तराखण्ड
कोटेश्वर परियोजना	भागीरथी नदी	उत्तराखण्ड
नांगल परियोजना	सतजल नदी	पंजाब
हरिके बैराज परियोजना	सतजल + व्यास नदी	पंजाब
थीन बांध परियोजना	रावी नदी	पंजाब
पोग बांध परियोजना	व्यास नदी	पंजाब
रंजीत सागर बांध परियोजना	रावी नदी	पंजाब
सरहिन्द परियोजना	सतलज नदी	हरियाणा
जवाहर सागर परियोजना	चम्बल नदी	राजस्थान
चम्बल परियोजना	चम्बल नदी	राजस्थान + मध्य प्रदेश
व्यास परियोजना	व्यास नदी नदी	राजस्थान + पंजाब, हरियाणा
इंदरा गाँधी नहर परियोजना	सतलज नदी	राजस्थान + पंजाब, हरियाणा
राणा प्रताप सागर परियोजना	चंबल नदी	राजस्थान

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

तवा परियोजना	तवा नदी	मध्य प्रदेश
वाणसागर परियोजना	सोन नदी	मध्य प्रदेश
गांधी सागर परियोजना	चम्बल नदी	मध्य प्रदेश
नर्मदा सागर	नर्मदा नदी	मध्य प्रदेश + गुजरात
वर्गी परियोजना	वर्गी नदी	मध्य प्रदेश
हंसदेव बंगो परियोजना	हंसदेव नदी	मध्य प्रदेश
पंचेत बांध परियोजना	चम्बल नदी	मध्य प्रदेश
ओकारेश्वर बाँध परियोजना	नर्मदा नदी	मध्य प्रदेश
माताटिला परियोजना	बेतवा नदी	उत्तर प्रदेश
रिहन्द परियोजना	सोनभद्र नदी	उत्तर प्रदेश
शारदा परियोजना	शारदा नदी	उत्तर प्रदेश
राजघाट परियोजना	वेतवा नदी	उत्तर प्रदेश + मध्य प्रदेश
छिबरो परियोजना	घाघड़ा नदी	उत्तर प्रदेश
त्रिवेणी बांध परियोजना	गंडक नदी	बिहार
गंडक परियोजना	गंडक नदी	बिहार + नेपाल
कोशी परियोजना	कोशी नदी	बिहार
पंचेश्वर परियोजना	कोशी नदी	नेपाल (भारत के सहयोग से)
रान गिट परियोजना	तिस्ता नदी	सिक्किम
दामोदर घाटी परियोजना	दामोदर + उसकी सहायक नदी	झारखण्ड + बंगाल
मैथान तिलैया परियोजना	बराकर नदी	झारखण्ड
पंचेत बांध परियोजना	दामोदर नदी	झारखण्ड
कोयलकारो परियोजना	कोयलकारो नदी	झारखण्ड
दुर्गा बैराज परियोजना	दामोदर नदी	पश्चिम बंगाल
मयुराक्षी परियोजना	हुग्ली नदी	पश्चिम बंगाल
फरक्का	गंगा + भागीरथी नदी	पश्चिम बंगाल
कांगसावती परियोजना	कांगसावती नदी	पश्चिम बंगाल
हिराकुण्ड परियोजना	महानदी नदी	उड़िसा + आंध्र प्रदेश
मुचकुण्ड परियोजना	मुचकुण्ड नदी	उड़िसा + आंध्र प्रदेश
महानदी डेल्टा परियोजना	महानदी	उड़िसा
माही बजाज परियोजना	माही नदी	गुजरात
काकड़ा पाड़ा परियोजना	ताप्ती नदी	गुजरात
पनामा परियोजना	पनामा नदी	गुजरात

उकाइ परियोजना	ताप्ती नदी	गुजरात
सरदार सरोवर परियोजना	नर्मदा नदी	गुजरात
साबरमती परियोजना	नर्मदा नदी	गुजरात
कोयना परियोजना	कोयना नदी	महाराष्ट्र
पुर्णा परियोजना	पुर्णा नदी	महाराष्ट्र
भीमा परियोजना	पवना नदी	महाराष्ट्र
जायकवाड़ी परियोजना	गोदावरी	महाराष्ट्र
नागपुर शक्तीगृह परियोजना	कोराडी नदी	महाराष्ट्र
पोचमपाद परियोजना	गोदावरी नदी	कर्नाटक
शरावती परियोजना	शरावती नदी	कर्नाटक
उपरी कृष्णा परियोजना	कृष्णा नदी	कर्नाटक
घाटप्रभा परियोजना	घाटप्रभा नदी	कर्नाटक
भद्रा परियोजना	भद्रा नदी	कर्नाटक
कालिंदी परियोजना	कालिंदी नदी	कर्नाटक
डिकल परियोजना	घाटप्रभा नदी	कर्नाटक
जोग या महात्मा गांधी परियोजना	शरावती नदी	कर्नाटक
शिव समुन्द्रम परियोजना	कावेरी नदी	कर्नाटक
लिंगान मढ़की परियोजना	शरावती नदी	कर्नाटक
नागार्जुन परियोजना	कृष्णा नदी	आन्ध्र प्रदेश
श्री शैलम परियोजना	कृष्णा नदी	आन्ध्र प्रदेश
अल्मट्टी बांध परियोजना	कृष्णा नदी	आन्ध्र प्रदेश
विजाभ सागर परियोजना	विजाभ नदी	आन्ध्र प्रदेश
पराविकुलम अलियार परियोजना	पराविकुलम नदी	तमिलनाडु
मैटुर बांध परियोजना	कावेरी नदी	तमिलनाडु
पायकारा परियोजना	पायकारा नदी	तमिलनाडु
पापनासम परियोजना	पापनासम नदी	तमिलनाडु
कुण्डा परियोजना	कुण्डा नदी	तमिलनाडु
पेरयिार या इडुकी परियोजना	पेरियार नदी	केरल
शबरी गिरी परियोजना	पम्बा नदी	केरल
काल्पोंग बांध परियोजना (एकमात्र हाइड्रो-इलेक्ट्रिक परियोजना)	काल्पोंग नदी	अंडमान निकोबार

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

खनिज (Minerals)

खनिज – पृथ्वी के भूगर्भ से खुदाई करके प्राकृतिक रुप से पाए जाने वाले तत्वों या यौगिक को खनिज कहते हैं जैसे:- कोयला, अभ्रक, जस्ता आदि।

अयस्क (Ore) – जिस खनिज में धात्विक गुण हो औ उसमें से धातु आासनी से कम खर्चे में प्राप्त की जा सकती है उसे अयस्क कहते हैं जैसे:-हेमेटाइट, बॉक्साइट

खनिजों का वर्गीकरण

ऊर्जा खनिज

ईंधन

ऊर्जा प्राप्त होती है

जीवाष्म ईंधन

अवसादी चट्टानों से

कोयला, पेट्रोलियम

प्राकृतिक गैस

आण्विक ईंधन

आग्नेय चट्टान

युरेनियम, प्लुटेनियम

थोरियम, बेरीलियम

अधात्विक

जिन्में धातुएँ नहीं पायी जाती है

ये भंगुर होते हैं (पीटने पर टुट जाते हैं)

ये अवसादी चट्टानों में पाये जाते हैं

Ex: चुना-पत्थर, बलुआ पत्थर, संगमरमर

नमक, जिप्सम, हिरा, एसबेस्टस, पायराइट

धात्विक

धातुएँ प्राप्त होती है

पीटकर आकार बदल सकते हैं

ये आग्नेय या कयांतरित चट्टानों में पाये जाते हैं।

ये धारवाड़ क्रम की चट्टानों में सर्वाधिक पाये जाते हैं।

लौह धात्विक

आयरन का अंश पाया जाता है

मैगनीज, निकेल, कोबाल्ट,

क्रोमियम टंगस्टन

अलौह धात्विक

आयरन का अंश नहीं पाया जाता है।

कॉपर, सोना, चाँदी, सीसा, जस्ता

बाम्क्साइट, टीन

ऊर्जा के स्रोत

ऊर्जा के स्रोत को दो भागों बाँटा जाता है-

1. **अनवीकरणीय ऊर्जा/ परंपरागत** : – ऊर्जा का वैसा स्रोत जिसका एक बार उपयोग करने के बाद दुबारा उपयोग उपयोग में नहीं लाया जा सकता है। जैसे-तापीय ऊर्जा (कोयला, पेट्रोलिय पदार्थ एवं प्राकृतिक गैस), जल ऊर्जा, आण्विक ऊर्जा (U, Th, Zr, Be, Plutonium etc)

2. **नवीकरणीय ऊर्जा/ गैरपरंपरागत** : – ऊर्जा का वैसा स्रोत जिसका बार-बार उपयोग करते हैं अर्थात एक बार समाप्त हो जाने पर उससे दुबारा ऊर्जा प्राप्त किया जा सकता है। जैसे-सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ज्वारीय ऊर्जा, तरंग ऊर्जा, भूकम्पीय ऊर्जा, भूगर्वीय ऊर्जा।

भारत में खनिज विकास एवं सर्वेक्षण के लिए मुख्य रूप से 2 संस्थाएं हैं:-

(i) जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (कोलकाता) (ii) भारतीय खनन ब्यूरो (नागपुर)

भारत के शीर्ष तीन खनिज उत्पादक राज्य:-

1. राजस्थान = 17%
2. उड़ीसा = 14%
3. आंध्रप्रदेश = 13%

% शेयर



भारत में पाए जाने वाले प्रमुख खनिज

तांबा (Copper) – तांबा मानव सभ्यता द्वारा सबसे पहले प्रयोग की जाने वाली धातु है, तांबा विद्युत का सुचालक है इसलिए विद्युत तार बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है।

भारत में तांबे का सबसे अधिक उत्पादन :- 1. मध्य प्रदेश (64%) 2. राजस्थान (28%)

भारत में तांबे का सबसे अधिक भण्डार :- राजस्थान

प्रमुख खानें :-

राजस्थान : खेतड़ी, झुंझुनू, अलवर

मध्य प्रदेश : बालाघाट

हीरा (Diamond) – हीरा सबसे कठोर अधातु है ओर कार्बन का सबसे शुद्ध रूप होता है।

भारत में हीरे का सबसे अधिक उत्पादन:- मध्य प्रदेश

भारत में हीरे का सबसे अधिक भण्डार:- मध्यप्रदेश

दुनिया में सबसे अधिक हीरे का उत्पादन :- रुस

दुनिया में हीरे का सबसे अधिक भंडार :- किम्बरले (दक्षिण अफ्रीका)

प्रमुख खानें :- मध्य प्रदेश का पन्ना जिला

सोना (Gold) – सोना एक बहुमूल्य धातु है इसका उपयोग आभूषण बनाने सिक्के बनाने में किया जाता है। भारत का लगभग 99% सोना कर्नाटक से ही मिलता है।

भारत में सोने का सबसे अधिक उत्पादन:-कर्नाटक

भारत में सोने का सबसे अधिक भण्डार:- कर्नाटक

दुनिया में सबसे अधिक सोने का उत्पादन :-चीन

प्रमुख खानें :- कर्नाटक की :- कोलार की खान हट्टी की खान

चाँदी (Silver) – भारत में चांदी की स्वतंत्र खाने नहीं पाई जाती। यह प्रायः जस्ता और सीसा के साथ मिश्रित रूप में पाई जाती है।

भारत में चाँदी का सबसे अधिक उत्पादन:- राजस्थान (99%)

भारत में चांदी का सबसे अधिक भण्डार:- राजस्थान

दुनिया में सबसे अधिक चाँदी का उत्पादन :- मेक्सिको

प्रमुख खानें :- राजस्थान की जवार खान

जस्ता (Zinc) **सीसा (Lead)**

सीसा और जस्ता को जुड़वा खजिन भी कहा जाता है क्योंकि यह साथ-साथ पाए जतो हैं।

भारत में सीसा और जस्ते का सबसे अधिक उत्पादन और भंडार:- राजस्थान

प्रमुख खानें :- राजस्थान की जवार खान

जिप्सम (Gypsum) – प्लास्टर ऑफ पेरिस में इसका उपयोग होता है और क्षारीय मृदा को उदासीन करने में भी जिप्सम का उपयोग किया जाता है।

भारत में जिप्सम का सबसे अधिक उत्पादन और भंडार:- राजस्थान

प्रमुख खानें :- राजस्थान का हनुमानगढ़ जिला

चूना पत्थर – आंध्र प्रदेश, राजस्थान

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

संगमरमर –

- यह एक कायान्तरित चट्टान है।
- इसका उपयोग मुख्यतः भवन निर्माण में होता है।
- इसके उत्पादन हेतु राजस्थान के नागौर जिले के मकराना क्षेत्र प्रसिद्ध हैं।
- राजसमंद, जैसलमेर, अजमेर अन्य प्रमुख उत्पादक क्षेत्र हैं। मध्य प्रदेश दूसरा प्रमुख उत्पादक राज्य है। यहाँ जबलपुर, बैतूल प्रमुख उत्पादक क्षेत्र हैं। आन्ध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में भी संगमरमर का भंडार है।

टिन (Tin) – इनका उपयोग धातु की चादर बनाने में किया जाता है और भारत में लगभग इसका संपूर्ण भंडार व उत्पादन छत्तीसगढ़ में ही होता है।

भारत में टिन का सबसे अधिक उत्पादन और भंडारः- **छत्तीसगढ़**

प्रमुख खानें :- छत्तीसगढ़ का बस्तर जिला

टंगस्टन – उड़ीसा, आंध्र प्रदेश

निकेल – राजस्थान, मध्य प्रदेश

अभ्रक (Mica) – अभ्रक विद्युत का कुचालक होता है इसीलिए इसका उपयोग विद्युत उपकरण बनाने में किया जाता है।

भारत में अभ्रक का सबसे अधिक उत्पादन और भंडारः- **आंध्रप्रदेश**

प्रमुख खानें :- आंध्र प्रदेश का नेल्लोर जिला

बॉक्साइट (Bauxite) – बॉक्साइट एक धात्विक खनिज है यह एल्युमीनियम का अयस्क है भारत में उड़ीसा बॉक्साइट का उत्पादन और भंडारण में प्रथम स्थान पर है।

भारत में बॉक्साइट का सबसे अधिक उत्पादन :- **उड़ीसा**

क्रोमाइट (Chromite) – क्रोमाइट एक धात्विक खनिज है। क्रोमाइट से ही क्रोमियम प्राप्त किया जाता है। इसका उपयोग स्टेनलेस स्टील (Stainless Steel) बनाने में किया जाता है।

भारत में क्रोमाइट का सबसे अधिक उत्पादन :- **उड़ीसा**

लौह अयस्क (Iron ore) – भारत में लौह-अयस्क प्राचीन धारवाड़ श्रेणी के अग्नेय चट्टान से प्राप्त होता है। लौह अयस्क भारत का महत्वपूर्ण खनिज संसाधन है भारत का लौह अयस्क उत्पादन में विश्व में चौथा स्थान है।

1. चीन, 2. ऑस्ट्रेलिया, 3. ब्राजील, 4. भारत

भारत में लौह अयस्क का सबसे अधिक उत्पादन :- **उड़ीसा**

प्रमुख खानें :- कर्नाटक का कुद्रेमुख, छत्तीसगढ़ का बैलाडीला और उड़ीसा का क्योंझर।

- हमारे यहाँ चार प्रकार के लौह अयस्क पाए जाते हैं मैग्नेटाइट, हेमाटाइट, लिमोनाइट, सिडेराइट। इनमें हेमाटाइट एवं मैग्नेटाइट प्रमुख हैं।

1. मैग्नेटाइट

- यह सर्वोत्तम प्रकार का लौह-अयस्क है। यह काले रंग का होता है तथा इसमें धातु की मात्रा 72% तक होती है।
- भारत में यह मुख्यतः दक्षिण-पूर्वी सिंहभूम (झारखण्ड), बेल्लारी-हॉस्पेट (कर्नाटक), बरामजादा (उड़ीसा), बैलाडीला (छत्तीसगढ़) आदि जगहों पर पाया जाता है।

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

2. हेमाटाइट

- यह लाल एवं भूरे रंग का होता है। इसमें धातु का अंश 60 से 70% के बीच होता है।
- भारत का अधिकतर (लगभग 58%) लौह अयस्क इसी श्रेणी का है। यह मुख्यत: सिंहभूम (झारखण्ड), मयूरभंज, क्योंझर, सुंदरगढ़ (उड़ीसा), कर्नाटक, गोआ आदि जगहों में पाया जाता है।

3. लिमोनाइट

- यह प्राय: पीले रंग का होता है। इसमें धातु का अंश 10% से 40% तक होता है। पश्चिम बंगाल के रानीगंज क्षेत्र में इस प्रकार के लौह अयस्क मिलते हैं।

4. सिडेराइट

- इसमें अशुद्धियाँ अधिक पायी जाती हैं। धातु का अंश 48% तक होता है। इसका रंग भूरा होता है। इसमें लोहा एवं कार्बन का मिश्रण होता है।
- लिमोनाइट तथा सिडेराइट निम्न कोटि का लौह-अयस्क है।

कोयला (Coal) – कोयला एक ठोस कार्बनिक पदार्थ है जिसको ईंधन के रूप में प्रयोग में लाया जाता है।

कार्बन की मात्रा के आधार पर कोयला 4 प्रकार का होता है।

ऐन्थ्रेसाइट	बिटुमिनस	लिग्नाइट	पीट
यह सबसे अच्छी किस्म का कोयला है। इसमें कार्बन की मात्रा (85–90%) से अधिक होती है।	इस कोयले में कार्बन की मात्रा (65–75%) होती है, भारत में सबसे ज्यादा बिटुमिन्स कोयला ही पाया जात है।	इसमें कार्बन की मात्रा (45–55%) होती है इसे भूरा कोयला भी कहा जाता है।	इस में कार्बन की मात्रा 45% से भी कम होती है और यह सबसे निम्न श्रेणी का कोयला होता है।

भारत में कोयले का सबसे अधिक उत्पादन:- छत्तीसगढ़

भारत में कोयले का सबसे अधिक भण्डार:- झारखंड

प्रमुख खानें :- झारखंड का झरिया, धनबाद
पश्चिम बंगाल का रानीगंज, आसनसोल
तेलंगाना का सिंगरेनी, मध्य प्रदेश का सिंगरौली

पेट्रोलियम (Petroleum) – भारत में पेट्रोलियम उत्पादन में सबसे प्रमुख योगदान अपतटीय क्षेत्रों का है देश में अपतटीय क्षेत्रों का कुल योगदान लगभग 66% है।

असम के डिगबोई को तेल नगरी के रूप में जाना जाता है। डिगबोई में एशिया में पहली बार तेल कुएँ का खनन हुआ था। 1901 में यहाँ एशिया की पहली रिफाइनरी को शुरु किया गया था।

मुंबई से लगभग 176 किलोमीटर दूर खंभात की खाड़ी में मुंबई हाई की खोज 1973 में हुई और देश का सर्वाधिक तेल उत्पादन यहीं से होता है।

भारत का पहला समुद्री तेल क्षेत्र (पेट्रोलियम कुआं की खुदाई गुजरात के अलियावेत में किया गया)

यूरेनियम (Uranium) – यूरेनियम का उपयोग परमाणु सयंत्रों में ईंधन के रूप में किया जाता है, यूरेनियम का उपयोग परमाणु बम बनाने में किया जाता है। भारत युरेनयिम के उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं है।

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

भारत में यूरेनियम का सबसे अधिक उत्पादन :- **आंध्र प्रदेश**

भारत में यूरेनियम के सबसे महत्वपूर्ण खान झारखंड की जादूगोड़ा है।

थोरियम (Thorium) – भारत थोरियम का विश्व में सबसे बड़ा उत्पादक देश है और विश्व का सबसे बड़ा थोरियम का भंडार केरल में है, थोरियम केरल तट पर मोनाजाइट बालू से प्राप्त किया जाता है।

भारत में थोरियम का सबसे अधिक उत्पादन :- **केरल**

बेरेलियम :– यह भी एक आण्विक ऊर्जा का स्रोत है।

ग्रेफाइट :– अरुणाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर

OBJECTIVE QUESTIONS

भारत में बॉक्साइट का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य कौन है ?
(A) झारखंड (B) राजस्थान
(C) उड़ीसा (D) तमिलनाडु

पन्ना मध्य प्रदेश में एक बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान है। यह निम्न में से किस खदान के लिए प्रसिद्ध है ?
(A) सोना (B) चांदी
(C) हीरा (D) लोहा

कोलार स्वर्ण खदान निम्न में से किस राज्य में स्थित है ?
(A) कर्नाटक (B) आंध्र प्रदेश
(C) महाराष्ट्र (D) मध्य प्रदेश

निम्नलिखित में से सोने की सर्वाधिक मात्रा उत्पादित करने वाला राज्य कौन-सा है ?
(A) कर्नाटक (B) आ. प्र.
(C) झारखंड (D) छत्तीसगढ़

भारत के किस राज्य में विश्व का सबसे बड़ा थोरियम का भंडार है ?
(A) केरल (B) कर्नाटक
(C) आन्ध्र प्रदेश (D) असम

झारखंड में कोयला की खाने स्थित है-
(A) झरिया में (B) जमशेदपुर में
(C) रांची में (D) लोहरदगा में

भारत में सर्वाधिक कोयला भंडार पाए जाते हैं
(A) छत्तीसगढ़ (B) झारखंड
(C) म. प्र. (D) ओड़िशा

भारत में खनिज तेल का उत्पादन सर्वप्रथम प्रारमी किया गया था-
(A) मुम्बई हाई में (B) अंकलेश्वर में
(C) नहरकटिया में (D) डिगबोई में

मुम्बई हाई किससे संबंधित है ?
(A) इस्पात (B) पेट्रोलियम
(C) मकबरा (D) जूट

निम्नलिखित में से किस राज्य में तांबा खनिज का सबसे बड़ा भंडार है ?
(A) आन्ध्र प्रदेश (B) छत्तीसगढ़
(C) झारखंड (D) राजस्थान

निम्न में से किसको भूरा कोयला कहा जाता है ?
(A) एन्थ्रासाइट (B) बिटुमिनस
(C) कोक (D) लिग्नाइट

जादूगोड़ा निम्न में से किसके लिए प्रसिद्ध है ?
(A) लौह अयस्क (B) मैगनीज
(C) सोना (D) यूरेनियम

●

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

भारत की प्रमुख बहुउद्देशीय परियोजना

	परियोजना	नदी	राज्य
1.	बलगीहार	चिनाव नदी	जम्मुकाश्मीर
2.	सतलज परियोजना	चिनाव नदी	जम्मुकाश्मीर
3.	सलाल परियोजना	चिनाव नदी	जम्मुकाश्मीर
4.	दुलहस्ती परियोजना	चिनाव नदी	जम्मुकाश्मीर
5.	तुलबुल परियोजना	झेलम नदी	जम्मुकाश्मीर
6.	उड़ी परियोजना	झेलम नदी	जम्मुकाश्मीर
7.	किशनगंगा परियोजना	किशन गंगा नदी	जम्मुकाश्मीर
8.	निम्बो बाजगो परियोजना	सुरु नदी	जम्मुकाश्मीर
9.	भाखड़ा परियोजना	सतलज नदी	हिमाचल प्रदेश
10.	नाथपाझाकरी परियोजना	सतलज नदी	हिमाचल प्रदेश
11.	कोलडैम परियोजना	सतलज नदी	हिमाचल प्रदेश
12.	चमेरा परियोजना	रावी नदी	हिमाचल प्रदेश
13.	पार्वती परियोजना	पार्वती नदी	हिमाचल प्रदेश
14.	टिहरी बांध परियोजना	भागीरथी + भीलंगना नदी	उत्तराखण्ड
15.	टकनपुर परियोजना	शारदा नदी	उत्तराखण्ड
16.	कोटेश्वर परियोजना	भागीरथी नदी	उत्तराखण्ड
17.	नांगल परियोजना	सतजल नदी	पंजाब
18.	हरिके बैराज परियोजना	सतजल + व्यास नदी	पंजाब
19.	थीन बांध परियोजना	रावी नदी	पंजाब
20.	पोग बांध परियोजना	व्यास नदी	पंजाब
21.	रंजीत सागर बांध परियोजना	रावी नदी	पंजाब
22.	सरहिन्द परियोजना	सतलज नदी	हरियाणा
23.	जवाहर सागर परियोजना	चम्बल नदी	राजस्थान
24.	राणा प्रताप सागर परियोजना	चंबल नदी	राजस्थान
25.	तवा परियोजना	तवा नदी	मध्य प्रदेश
26.	वाणसागर परियोजना	सोन नदी	मध्य प्रदेश
27.	गांधी सागर परियोजना	चम्बल नदी	मध्य प्रदेश
28.	नर्मदा सागर	नर्मदा नदी	मध्य प्रदेश + गुजरात
29.	ओकारेश्वर बाँध परियोजना	नर्मदा नदी	मध्य प्रदेश
30.	वर्गी परियोजना	वर्गी नदी	मध्य प्रदेश
31.	हंसदेव बंगो परियोजना	हंसदेव नदी	मध्य प्रदेश
32.	पंचेत बांध परियोजना	चम्बल नदी	मध्य प्रदेश
33.	रिहन्द परियोजना	सोनभद्र नदी	उत्तर प्रदेश
34.	माताटिला परियोजना	बेतवा नदी	उत्तर प्रदेश
35.	राजघाट परियोजना	वेतवा नदी	उत्तर प्रदेश + मध्य प्रदेश
36.	छिबरो परियोजना	घाघड़ा नदी	उत्तर प्रदेश

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

37.	त्रिवेणी बांध परियोजना	गंडक नदी	बिहार
38.	गंडक परियोजना	गंडक नदी	बिहार + नेपाल
39.	कोशी परियोजना	कोशी नदी	बिहार
40.	पंचेश्वर परियोजना	कोशी नदी	नेपाल (भारत के सहयोग से)
41.	रान गिट परियोजना	तिस्ता नदी	सिक्किम
42.	दामोदर घाटी परियोजना	दामोदर + उसकी सहायक नदी	झारखण्ड + बंगाल
43.	मैथान तिलैया परियोजना	बराकर नदी	झारखण्ड
44.	पंचेत बांध परियोजना	दामोदर नदी	झारखण्ड
45.	कोयलकारो परियोजना	कोयलकारो नदी	झारखण्ड
46.	दुर्गा बैराज परियोजना	दामोदर नदी	पश्चिम बंगाल
47.	मयुराक्षी परियोजना	हुग्ली नदी (मयुराक्षी नदी)	पश्चिम बंगाल
48.	फरक्का	गंगा + भागीरथी नदी	पश्चिम बंगाल
49.	हिराकुण्ड परियोजना	महानदी नदी	उड़िसा + आंध्र प्रदेश
50.	मुचकुण्ड परियोजना	मुचकुण्ड नदी	उड़िसा + आंध्र प्रदेश
51.	काकड़ा पाड़ा परियोजना	ताप्ती नदी	गुजरात
52.	पनामा परियोजना	पनामा नदी	गुजरात
53.	उकाइ परियोजना	ताप्ती नदी	गुजरात
54.	सरदार सरोवर परियोजना	नर्मदा नदी	गुजरात
55.	साबरमती परियोजना	नर्मदा नदी	गुजरात
56.	कोयना परियोजना	कोयना नदी	महाराष्ट्र
57.	भीमा परियोजना	पवना नदी	महाराष्ट्र
58.	जायकवाड़ी परियोजना	गोदावरी	महाराष्ट्र
59.	पोचमपाद परियोजना	गोदावरी नदी	कर्नाटक
60.	घाटप्रभा परियोजना	घाटप्रभा नदी	कर्नाटक
61.	भद्रा परियोजना	भद्रा नदी	कर्नाटक
62.	कालिंदी परियोजना	कालिंदी नदी	कर्नाटक
63.	हिडकल परियोजना	घाटप्रभा नदी	कर्नाटक
64.	शिव समुन्द्रम परियोजना	कावेरी नदी	कर्नाटक
65.	नागार्जुन परियोजना	कृष्णा नदी	आन्ध्र प्रदेश
66.	श्री शैलम परियोजना	कृष्णा नदी	आन्ध्र प्रदेश
67.	अल्मट्टी बांध परियोजना	कृष्णा नदी	आन्ध्र प्रदेश
68.	विजाभ सागर परियोजना	विजाभ नदी	आन्ध्र प्रदेश
69.	मैटुर बांध परियोजना	कावेरी नदी	तमिलनाडु
70.	पायकारा परियोजना	पायकारा नदी	तमिलनाडु
71.	पापनासम परियोजना	पापनासम नदी	तमिलनाडु
72.	कुण्डा परियोजना	कुण्डा नदी	तमिलनाडु
73.	पेरयिार या इडुकी परियोजना	पेरियार नदी	केरल
74.	शबरी गिरी परियोजना	पम्बा नदी	केरल
75.	काल्पोंग बांध परियोजना (एकमात्र हाइड्रो-इलेक्ट्रिक परियोजना)	काल्पोंग नदी	अंडमान निकोबार

❍❍❍

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

भारत का उद्योग (Indian Industries)

उद्योग का संबंध उन आर्थिक गतिविधियों से हैं जो कच्चे माल को पक्के माल के रूप में अथवा विक्रय योग्य अवस्था में जाती हैं; जैसे- गन्ने से चीनी को बनाना

उद्योगों का वर्गीकरण

कृषि आधारित उद्योग	खनिज आधारित उद्योग	खनिज + तकनीक आधारित उद्योग	वन आधारित उद्योग
सूती वस्त्र उद्योग	लोहा इस्पात उद्योग	वायुयान निर्माण उद्योग	रेशम उद्योग
चीनी उद्योग	सीमेंट उद्योग	जलयान निर्माण उद्योग	कागज उद्योग
	एल्युमिनियम उद्योग	रेल निर्माण उद्योग	

भारत में औद्योगिक नीति

स्वतंत्रता के बाद भारत की पहली औद्योगिक नीति - **1948**

भारत की दूसरी औद्योगिक नीति - **1956**

भारत की आधुनिक और नई औद्योगिक नीति - **1991**

- उदारीकरण **(Liberalization)**
- निजी करण **(Privatisation)**
- वैश्विकरण **(Globalization)**

लौह-इस्पात उद्योग (Iron Steel Industry)

भारत में देश का पहला लौह उद्योग कारखाना 1874 ई॰ में बराकर नदी के किनारे कुल्टी (पश्चिम बंगाल) में स्थापित किया गया। बाद में फण्ड के अभाव में यह कंपनी बंद हो गयी और बंगाल सरकार ने इसका अधिकरण कर लिया। इसके बाद इसका नाम बदलकर बराबर आयरन वर्क्स कर दिया गया।

TISCO (Tata Iron and Steel Company) — बड़े पैमाने पर देश का पहला कारखाना 1907 ई॰ में जमशेदजी टाटा द्वारा झारखंड के जमशेदपुर (साकची) नामक स्थान पर स्थापित किया गया।

IISCO (Indian Iron & Steel Company) — इसकी स्थापना 1918 ई॰ में प. बंगाल के हीरापुर नामक स्थान पर की गयी। बाद में कुल्टी, हीरापुर, बर्नपुर स्थित संयंत्रों को भी इसी में मिला दिया गया।

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

स्वतंत्रता के पश्चात स्थापित लौह इस्पात कारखाना

दूसरी पंचवर्षीय योजना :-

- भिलाई लौह इस्पात उद्योग - 1955 – छत्तीसगढ़ - सोवियत संघ (रुस)
- दुर्गापुर लौह इस्पात उद्योग - 1956 – पश्चिम बंगाल - ब्रिटेन
- राउरकेला लौह इस्पात उद्योग - 1959 – उड़ीसा - जर्मनी

तीसरी पंचवर्षीय योजना :-

- बोकारो स्टील प्लांट - 1964 – झारखंड - सोवियत संघ (रुस)

  सलेम स्टील प्लांट (तमिलनाडु)

  विशाखापत्तनम स्टील प्लांट (आंध्रप्रदेश)

  (भारत का पहला तटवर्ती इस्पात कारखाना **विशाखापत्तनम** में लगाया गया)

एल्युमिनियम उद्योग (Aluminium Industry)

भारत में एलुमिनियम का पहला कारखाना 1937 में पश्चिम बंगाल के निकट जे. के. नगर में स्थापित किया गया था।

भारत के प्रमुख एल्युमिनियम कंपनी

BALCO (Bharat Aluminium Company Ltd) – कोरबा (MP.) एवं कोयना (MH.) – सोवियत संघ

HINDALCO (Hindustan Aluminium Corporation) – रेणुकूट (UP) – USA

NALCO (National Aluminium Company Limited) – दामनजोड़ी (उड़ीसा) - फ्रांस

रेल उपकरण उद्योग

पहिए और एक्सेल .... बैंगलोर में

विद्युत इंजन .... चितरंजन में

इंटीग्रल कोच .... चेन्नई के पेरंबूर

डीजल इंजन .... वाराणसी में

रेल कोच .... कपूरथला

आधुनिक कोच फैक्ट्री .... रायबरेली

जलयान निर्माण उद्योग

पहला कारखाना 1941 में सिन्धिया स्टीम नेवीगेशन कंपनी द्वारा विशाखापत्तनम में स्थापित किया गया था। बाद में भारत सरकार द्वारा इसका अधिग्रहण करके 'हिन्दुस्तान शिपयार्ड विशाखापत्तनम' नाम दिया गया।

वायुयान निर्माण उद्योग

देश में वायुयान निर्माण का प्रथम कारखाना 1940 में बंगलुरु में 'हिन्दुस्तान एयर क्राफ्ट' कम्पनी के नाम से स्थापित किया गया। इस समय इसे 'हिन्दुस्तान एयरोनॉब्क्स लिमिटेड' (HAL) के नाम से जाना जाता है।

मशीनरी उद्योग (Machinery Industry)

- वर्ष 1998 में हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लिमिटेड की रांची में स्थापना की गई।
- इन इकाइयों में सूती वस्त्र, जूट, चीनी, सीमेंट, कागज, कोयला, खनन, संरचनात्मक निर्माण आदि उद्योगों के लिये मशीनों का निर्माण किया जाता है।

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

भारी मशीनों का निर्माण करने वाली प्रमुख इकाइयाँ

- हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमिटेड-बंगलूरू (1953)
- भारी इंजीनियरिंग निगम लिमिटेड-रांची (1958)
- खनन एवं संबद्ध मशीनरी निगम लिमिटेड-दुर्गापुर (1965)
- भारत हैवी प्लेट्स एंड वैसल्स लिमिटेड-विशाखापत्तनम (1966)
- तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड-(मैसूर, कर्नाटक) व आंध्र प्रदेश 1960
- नेशनल इंस्ट्रमेंट्स लिमिटेड - कोलकाता

काँच उद्योग

- काँच बनाने की कला भारत में प्राचीन काल से ही प्रचलित रही है, परन्तु आधुनिक तरीके से काँच बनाने के प्रथम कारखाने की स्थापना सन् 1870 में 'झेलम' में हुई जो असफल रहा, प्रथम सफलता वर्ष 1941 में मिला।

काँच उद्योग के प्रमुख केन्द्र

उत्तर प्रदेश : फिरोजाबाद, **पश्चिम बंगाल :** कोलकाता, **महाराष्ट्र :** मुम्बई, **गुजरात :** भरूच

औषधि निर्माण उद्योग

- वर्तमान में जिस प्रकार से बीमारियों एवं उनकी तीव्रता में वृद्धि होती जा रही है, इसके चलते औषधि निर्माण उद्योग तीव्रता से वृद्धि करने वाला उद्योग बनकर उभरा है।
- इंडियन ड्रग्स एण्ड फर्मास्युटिकल्स लिमिटेड देश का प्रमुख औषधी प्रतिष्ठान है। इसके संयंत्र ऋषिकेश, हैदराबाद, गुरुग्राम, चेन्नई, भुवनेश्वर एवं मुजफ्फपुर में हैं।
- हिन्दुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड, पिंपरी (पुणे) की तीन इकाइयाँ नागपुर, बंगलुरू तथा इंफाल में कार्यरत है।

सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग

- भारत में इस उद्योग का विकास उदारीकरण के बाद से माना जाता है; तब से लेकन वर्तमान में भारत ने सॉफ्टवेयर विश्व बाजार अपनी साख बना कर रखी है।
- भारत की आर्थिक वृद्धि दर में इस उद्योग की भागीदारी सर्वाधिक रही है। भारत में 3,000 से अधिक सॉफ्टवेयर कम्पनियाँ हैं, जिनमें विप्रो, इंफोसिस, आटा कंसल्टेंसी आदि प्रमुख हैं।
- भारत में माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स का विकास वर्ष 1980 के दशक में प्रारंभ हुआ। वास्तव में सूचना प्रौद्योगिकी एक विचार आधारित उद्योग है।
- बंगलुरू सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का प्रमुख केन्द्र हैं जिसे सिलिकॉन वैली ऑफ इंडिया कहा जाता है।

सूती वस्त्र उद्योग (Cotton Textile Industry)

आधुनिक ढंग से सूती वस्त्र की पहली मिल की स्थापना 1818 ई॰ में कोलकाता के समीप फोट ग्लोस्टर में की गई थी किंतु यह असफल रही थी।

सबसे पहला सफल आधुनिक सूती कपड़ा कारखाना 1854 में मुंबई में कवासजी डावर द्वारा खोला गया।

मुंबई को भारत के सूती वस्त्रों की राजधानी के उपनाम से जाना जाता है।

कानपुर को उत्तर भारत का मैनचेस्टर कहा जाता है।

कोयंबटूर को दक्षिण भारत का मैनचेस्टर कहा जाता है।

अहमदाबाद को भारत का बोस्टन कहा जाता है।

जूट उद्योग (Jute Industry)

सोने का रेशा (Golden fibre) के नाम से मशहूर जूट के रेशों से सामानों का निर्माण करने में भारत का विश्व में प्रथम स्थान प्राप्त है।

इसका पहला कारखाना कोलकाता के समीप रिशरा नामक स्थान पर 1855 में लगाया गया था।

पहला पटसन उद्योग कोलकाता के निकट रिशरा में 1855 में लगाया गया। 1947 में देश के विभाजन के पश्चात् पटसन मिलें तो भारत में रह गई लेकिन तीन-चौथाई जूट उत्पादक क्षेत्र पूर्वी पाकिस्तान अर्थात् बांग्लादेश में चले गए।

अंतर्राष्ट्रीय जूट संगठन का मुख्यालय ढाका में है

ऊनी वस्त्र उद्योग

- भारत में ऊनी वस्त्र उद्योग अपने आरंभिक समय में कुटीर उद्योग के रूप में जाना जाता था। इसके अंतर्गत कंबल, कालीन, शॉले, नमदा, लोई आदि का निर्माण किया जाता था।
- भारत में पहली आधुनिक ऊनी वस्त्र मिल की स्थापना वर्ष 1876 में 'कानपुर में की गई थी तथा दूसरे वर्ष (पंजाब) में स्थापित की गई थी।

ऊनी वस्त्र उद्योग के प्रमुख केन्द्र **पंजाब :** लुधियाना

कागज उद्योग

- देश में आधुनिक तीरके से कागज बनाने की प्रथम मिल की स्थापना वर्ष 1812 में पश्चिम बंगाल के 'सेरामपुर' में हुई, जो असफल रही। प्रथम सफल कागज कारखाना वर्ष 1867 में कोलकाता के बालीगंज में लगाया गया।
- उत्तर प्रदेश में प्रथम कागज कारखाना वर्ष 1879 में लखनऊ में लगाया गया था। इसके अतिरिक्त सहारनपुर, मेरठ, मोदीनगर में भी कागज बनाने के कारखाने हैं।
- इस उद्योग में सेलुलोज लुगदी को कच्चेमाल के रूप में प्रयोग किया जाता है जो मुख्यत: मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखण्ड, ओडिशा तथा आंध्र प्रदेश आदि राज्यों से प्राप्त की जाती है।

रेशम वस्त्र उद्योग

- भारत में रेशमी वस्त्रों के उत्पादन की एक लंबी परंपरा रही है। भारत रेशम उत्पादन के क्षेत्र में चीन के बाद विश्व में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। रेशम की प्रमुख पाँचो वाणिज्यिक किस्मों का उत्पादन (मलबरी, मूगा, इरी, ट्रॉपिकल टसर एवं ओक) करने वाला भारत एक मात्र देश है। ध्यातव्य है कि **मूंगा रेशम के उत्पादन में भारत को एकाधिकार प्राप्त है।**
- आरंभिक समय में भारत में रेशमी वस्त्रों का निर्माण कुटीर उद्योग रूप में होता था, जिसका निर्यात मध्य पूर्व एवं यूरोप के अनेक देशों को होता था। लेकिन आधुनिक भारत की पहली रेशम मिल की स्थापना ईस्ट इंडिया कम्पनी द्वारा सन् 1832 में 'हावड़ा' में की गई थी।

रेशम वस्त्र उद्योग के प्रमुख केन्द्र-कर्नाटक, आध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु

लाख उद्योग

- लाख 'केरिया लाका' (Kerria Lacca) नामक कीड़े से प्राप्त किया जाता है। यह कीड़ा, पीपल, पलाश, बबूल, गूलर, खैर आदि वृक्षों की कोम टहनियों के रस से एक प्रकार का चिपचिपा पदार्थ निकालता है जिसे 'लाख' कहते हैं।
शक या कल्प (Period) – प्रत्येक युग को छोटे-छोटे शक अथवा कल्प में विभक्त किया गया है। कुल संख्या = 18

Era (महाकल्प) = 5	अवधि	युग = 4	कल्प (Period) (शक) = 18
1. Pre-Palaezoic (आद्य महाकल्प)	3 अरब वर्ष	×	2 → 1. आर्कियन 2. प्री-कैम्ब्रियन
2. Paleozoic (पुराजीवी महाकल्प)	34 करोड़ वर्ष	प्रथम युग	6→1. कैम्ब्रियन 2. आर्डोबिसियन 3. सिल्युरियन 4. डेवोरियन 5. कार्बोनिफेरस 6. पार्मियन
3. Mesozoic (मध्यजीवी महाकल्प)	18 करोड़ वर्ष	द्वितीय युग	3→1. ट्रियोसिक 2. जुरैसिक 3. क्रिटेशियस
4. Cenozoic (नवजीवी महाकल्प)	6 करोड़ वर्ष	तृतीय युग	5→1. पेलियोसीन 2.इओसीन 3. ओलिगोसीन 4. मायोसीन 5. प्लायोसीन
5. Neozoic (नूतन महाकल्प)	20 लाख वर्ष जारी है	चतुर्थ युग	2→1. प्लीस्टोसीन 2. होलोसीन

1. Pre-Paleozoic Era (आद्य महाकल्प = 2)

1. **आर्कियन–** जीवाश्म × (एजोविक)
   → ग्रेनाइट, नीस, सोना
   → कैनेडियन शील्ड + फेनोस्कोडिया
2. **प्री-कैम्ब्रियन**- समुद्र गर्म
   → रीढ़ विहीन (समुद्री जीव)
   → अरावली + धारवाड

2. Paleozoic Era (पुराजीवी महाकल्प = 6)

1. **कैंब्रियन–** युग की शुरूआत
   → महासागर का अतिक्रमण (विस्तार)
   → स्थलों पर समुद्री जीवाश्म
   → विंध्याचल पर्वत
   → समुद्र-जीव + घास

2. **आर्डो विसियन**- समुद्र→ सीरसृप
→ घास ↑
→ उत्तरी अमेरिका डूब गया

3. **सिल्युरियन**- सरीसृप + रीढ़युक्त ✔ + प्रवाल
→ स्थल पर वनस्पति (ऑस्ट्रेलिया)
→ कैलिडोनियन हलचल = स्कण्डेनेविया पर्वत

4. **डेवोरियन** → मत्स्य (सार्क)
→ उभयचर
→ फर्न-जंगल
→ कैलिडोनियन हलचल

5. **कार्बोनिफेरस** → सरीसृप → स्थल
→ घने वृक्ष, भार से धस गए और गोण्डवाना चट्टान (कोयला)
→ अमेरिकन हलचल = फ्रांस
→ अंगारा लैण्ड - गोण्डवाना लैण्ड

6. **पार्मियन** → भ्रंसोत पर्वत → अप्लेशियन, अल्ताई, स्पेनिस, मेजोरा

3. Mesozoic Era (मध्यजीवी महाकल्प = 3)

1. **ट्रायेसिक** = सरीसृप का काल
→ आर्कियोप्टेरिस (पक्षी + सरीसृप)

2. **जुरैसिक** = डायनासोर, प्लेट टेकटॉनिक का विभाजन
= फूल वाला पौधा

3. **क्रिटेशियस** → रॉकी, एण्डीज, डक्कन ट्रैप, काली मिट्टी
→ कछुआ

4. Cenozoic Era (नवजीवी महाकल्प = 5) पर्वत निर्माण

1. **पेलियोसीन** → स्तनधारी का काल
→ बंदर, रॉकी

2. **इओसिन** → लावा का निकलना → पठार (सरीसृप विलुप्त होने लगे)

3. **ओलिगोसीन** → पर्वत निर्माण
→ पालतू जानवर (वृहद् हिमालय)

4. **मायोसीन** → वलित पर्वत निर्माण
→ हिमालय (मध्य / लघु)
→ जलीय पक्षी

5. **प्लायोसीन** → शिवालिक हिमालय
→ कालासागर, कैस्पियन सागर
→ अरब सागर, उत्तर सागर

5. Neozoic Era (नूतन महाकल्प = 2)

1. **प्लीस्टोसीन** → हिमयुग का प्रारम्भ, कुल 4 हिमयुग ←
→ गुंज
→ मिडेल
→ रिस
→ वुर्म

→ हिम के कारण प्रवाल (Coral) नष्ट हो गये
→ स्थल पर आदिमानव का विकास हुआ।

2. **होलोसीन** → जलवायु में समानता आई, पूर्ण विकसित मानव आए, वर्तमान विश्व का निर्माण हुआ, यह अब तक जारी है।

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)

कोपेन का जलवायु वर्गीकरण

- कोपेन ने जलवायु वर्गीकरण के लिए 3 तथ्यों के आधार बनाया–

  1. तापमान 2. वर्षा 3. वनस्पति

ताप के आधार पर	वर्षा के आधार पर	मरुस्थल के आधार पर
A → उष्ण + आर्द्र	f = वर्ष भर वर्षा	W = शुष्क मरुस्थल
B → शुष्क	m = मानसूनी	h = गर्म मरुस्थल
C → समशीतोष्ण	w = गरमी में वर्षा	k = ठण्डा मरुस्थल
D → शीत + आर्द्र	s = ठण्ड में वर्षा	T = टुण्ड्रा
E → ध्रुवीय		

- कोपेन ने संसार की जलवायु को 12 भागों में बाँटा–

1. विषुवत रेखीय (Af) — यहाँ तापमान हमेशा उच्च रहता है अर्थात् दैनिक तापान्त न्यूनतम रहता है। यह वर्ष भर वर्षा होती है।

Eg. - आमेजन बेसिन, गिनी, कांगो, पूर्वी द्विप समूह इत्यादि।

2. मानसूनी जलवायु (Am)—यह 10° – 30° अक्षांस तक मिलती है। यहाँ जैवविविधता अच्छी रहती है।

Eg. - Indian — Pak — ASEAN

3. सवाना तुल्य जलवायु (Aw)— 10° – 30° अक्षांस तक मिलती है। वर्षा के कमी के कारण घास निकलते हैं।

E.g. - अफ्रिका (सूडान)

4. शुष्क मरुस्थलीय (Bwh)—15° - 30° अक्षांस के मध्य, महाद्वीपों के पश्चिम भाग में पाये जाते हैं।

E.g. - थार, बलूचिस्तान, सहारा, अराकामा

5. भूमध्य सागरीय (सम-सागरीय) (Cs)—30° — 45° अक्षांस के मध्य महाद्वीप के पश्चिमी भाग में, ठण्ड में वर्षा

E.g. -तुर्की, इटली, फ्रांस, भूमध्यसागर, कैलिफोर्निया

6. चीन तुल्य (Ca)—30° - 45° अक्षांस के मध्य महाद्वीपों के पूर्वी भाग में पायी जाती है।

E.g. - यूरूग्वे, हांगकांग, ताइवान

7. स्टैपी तुल्य (Bsh)— 45° – 60° अक्षांस के मध्य, महाद्वीपों के आन्तरिक भाग में पाया जाता है।

E.g - चीन (मंचूरिया), कनाडा, जापान

8. पश्चिम यूरोप तुल्य (Cb)— 45° – 60° के मध्य महाद्वीप के पश्चिमी भाग में

E.g. - पुर्तगाल

9. प्रेयरी तुल्य (Bsk)— 40° – 60° अक्षांस

→ महाद्वीपों के अन्त

E.g. - USA, Canada

10. सेन्ट लारेन्स (Db)— 40° – 60° अक्षांश

→ हिमपात तथा आर्द्र

E.g. - Canada, USA

11. टैगा प्रदेश (Pc)– 50° – 60° अक्षंश

→ ताप 0° से नीचे

→ जीवों की कमी

E.g- स्वीडेन, द. फिनलैण्ड

12. टुण्ड्रा जलवायु (ET) – 66° से ऊपर

→ अत्याधिक ठण्ड

E.g. - नार्वे, फिनलैण्ड, ग्रीनलैण्ड

BY KHAN SIR
(मानचित्र विशेषज्ञ)

खगोल विज्ञान

❖ ब्रह्माण्ड का अध्ययन Astronomy (खगोलकी) कहलाता है।

➤ **ब्रह्माण्ड :-** दिखाई पड़ने वाले समस्त आकाशीय पिण्ड को ब्रह्माण्ड कहते हैं। ब्रह्माण्ड विस्तारित हो रहा है। ब्रह्माण्ड में सर्वाधिक संख्या तारों की है।

➤ **तारा :-** वैसा आकाशीय पिण्ड जिसके पास अपनी उष्मा तथा प्रकाश हो तारा कहलाता है।

❖ तारा बनने से पहले विरल गैस का गोला होता है।

❖ जब विरल गैस केन्द्रित होकर पास आ जाते हैं तो घने बादल क समान छा जाते हैं जिन्हें निहारिका (Nebula) कहते हैं।

❖ जब इन Nebula में सलयन विधि द्वारा दहन की क्रिया प्रारम्भ हो जाती है तो वह तारों का रूप ले लेता है।

❖ तारे में हाइड्रोजन का संलयन He में होते रहता है। तारे में ईंधन प्लाज्मा अवस्था में रहता है।

❖ तारों का रंग उसके पृष्ठ ताप पर निर्भर करता है7

लाल रंग ⟶ निम्न ताप (6000°C)
सफेद रंग ⟶ मध्यम ताप
नीला रंग ⟶ उच्च तापमान

❖ तारों का भविष्य उसके प्रारम्भिक द्रव्यमान पर निर्भर करता है।

➤ **लाल दानव :-** जब तारा (सूर्य) का ईंधन समाप्त होने लगता है तो वह लाल दानव का रूप ले लेता है और लाल दानव का आकार बड़ा होने लगता है।

➤ **Case I :-** यदि लाल दानव का द्रव्यमान सूर्य के द्रव्यमान के 1.44 गुणा से छोटा है तो वह श्वेत वामन बनेगा।

➤ **श्वेत वामन (White dwarf) :-** इसे जीवाश्म तारा कहते हैं। छोटा तारा अंतिम रूप से श्वेत वामन अवस्था में ही चमकता है।

➤ **काला वामन (Black dwarf) :-** श्वेत वामन जब चमकना छोड़ देता है तो वह काला वामन का रूप ले लेता है। उस प्रकार छोटे तारों का अंत हो जाता है।

➤ **Case II :-** यदि लाल दानव का द्रव्यमान सूर्य के द्रव्यमान के 1.44 गुणा से बड़ा है तो वह अभिनव तारा का रूप लेगा।

➤ **अभिनव तारा (Super Nova) :-** इसमें कार्बन जैसे हल्के पदार्थ लोहा जैसे भारी पदार्थ में परिवर्तित होने लगता है जिस कारण ये विस्फोट करने लगते हैं। अत: इसे विस्फोटक तारा कहते हैं।

विस्फोट के बाद यह न्यूट्रॉन तारा का रूप ले लेता है।

➤ **न्यूट्रॉन तारा :-** न्यूट्रॉन तारा विस्फोट के बाद बनता है। इसका घनत्व उच्च हो जाता है और आकार छोटा हो जाता है।

➤ **Pusser :-** यह तारा चमकता और बुझता रहता है। इससे उच्च संख्या में विद्युत चुम्बकीय तरंगे निकलती हैं।

➤ **क्वेसर :-** ये तारों की लगभग अंतिम अवस्था होती हैं क्वेसर की चुम्बकीय क्षमता अति उच्च होती है।

➤ **Black Hole (कृष्ण विवर) :-** इसका घनत्व अति उच्च होता है। यह प्रकाश को भी गुजरने नहीं देता है। इसकी खोज चन्द्रशेखर ने की।

❖ Black Hole की चुम्बकीय क्षमता भी अधिक होती है। ये श्वेत वामन और काला वामन को भी अपनी ओर खींच लेता है। अत: तारों का अंत Black Hole के रूप में हो जाता है।

➤ **चन्द्रशेखर सीमा :-** सूर्य के द्रव्यमान के 1.5 गुणा (1.44) द्रव्यमान को चन्द्रशेखर सीमा कहते हैं। लाल दानव के बाद तारों का भविष्य चन्द्रशेखर सीमा पर निर्भर करता है।

❖ लाल दानव का आकार बहुत ही बड़ा हो जाता है।

❖ सूर्य जब लाल दानव का रूप लेगा तो वह अपने सीमप के चार ग्रहों को जला देगा।

➤ **White Hole :-** यह एक परिकल्पना है जिससे यह मान लिया जाता है कि सभी प्रकाश एक ही बिन्दु से आ रहे हैं।



➤ **आकाश गंगा (Galaxy) :-** ब्रह्माण्ड में तारों के असंख्य समूह को Galaxy कहते हैं।

❖ आकाश गंगा का आकार सर्पिलाकार (Spiral) होता है। तारे इस सर्पिलाकार भुजा के किनारे पाया जाता है। जैसे-जैसे तारों की आयु बढ़ती जाती है वह आकाश गंगा के मध्य में जाने लगता है।

❖ आकाश गंगा के मध्य भाग को बल्ज कहते हैं।

❖ बल्ज में Black Hole पाए जाते हें।

❖ बल्ज में तारों की संख्या अधिक होती है।

❖ आकाश गंगा का निर्माण आज से 12 बिलियन वर्ष (12×10^8) पूर्व हुआ था।

❖ ब्रह्माण्ड में लगभग 100 अरब गगाएं हैं और प्रत्येक आकाश में लगभग 100 अरब तारे हैं।

➤ **Super Clauster :-** तीन आकाश गंगाओं के समूह को Super Clauster कहा जाता है। हम जिस Super Clauster में रहते हैं उसमें भी तीन आकाश गंगाएँ हैं।

➤ **देवयानि (Andromeda) :-** यह हमसे सबसे करीबी आकाश गंगा है। यह हमारी आकाश गंगा से 2.2 मिलियन प्रकाश वर्ष (2.2×10^6 प्रकाश वर्ष) दूर है।

❖ दूसरा निकटतम आकाशगंगा NGC-M-33 है।

❖ सूर्य जिस आकाशगंगा में है उसे मंदाकिनी कहते हैं।



➤ **मंदाकिनी (Milky-way) :-** हमारा अपना सूर्य जिस आकाश गंगा में है उसे मंदाकिनी कहते हैं। इसे Milky-way (दुग्ध-मेखला) भी कहते हैं।

❖ मंदाकिनी का आकार सर्पीलाकार (Spiral) है।

❖ इसकी तीन घुननशील भुजाएँ हैं –

❖ नये तारे बाहरी भुजा पर रहते हैं तो सूर्य भी बाहरी भुजा पर रहता है।

❖ जब तारे लाल दानव की अवस्था में आ जाते है तो तारे मध्य वाली भुजा में चले जाते हैं।

❖ तारें जब अपनी अंतिम अवस्था में जाते हैं तो वह केन्द्रीय भुजा में प्रवेश कर जाते हैं।

❖ मंदाकिनी के केन्द्रीय भाग को बल्ज कहते हैं।

❖ बल्ज में Black Hole पाए जाते हैं। ये Black Hole श्वेत वामन तथा काला वामन को भी खींच लेता है। अत: तारों का अंत Black Hole में ही जा कर होता है।

❖ सूर्य अपनी मंदाकिनी का चक्कर Anticlock wise लगाता है। सूर्य 250 km/sec की चाल से मंदाकिनी का चक्कर लगाता है। उसे एक चक्कर पूरा करने में 25 करोड़ वर्ष लग जाते हैं। इसे ब्रह्माण्ड वर्ष भी कहा जाता है।

❖ सूर्य का सबसे करीबी तारा प्रोक्सीमा सेंचुरी है।

➤ **तारामंडल :-** सूर्य से दूरी पर स्थित तारों के समूह के कारण बनने वाली विशेष आकृति को तारामंडल कहते हैं। इसकी संख्या वर्तमान में 88 है।

सेन्ट्रो तथा हाइड्रा सबसे प्रमुख तारामंडल है।

❖ सबसे बड़ा तारामंडल हाइड्रा है।

➤ **ध्रुव तारा (Poller Star) :-** यह सदैव उत्तर दिशा में दिखता है क्योंकि ये पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव पर होता है।

❖ प्राचीन काल में इसका प्रयोग दिशा ज्ञात करने में किया जाता था। अत: इसे दिशा सूर्य सूचक कहते हैं।

➤ **साइरस (Day Star) :-** यह सबसे चमकीला तारा है। इसे ओशियन के माध्यम से खोजा जाता है।

➤ **हैटर तारामण्डल (Orion) :-** यह शिकारी की तरह दिखता है इसे मृग भी कहते हैं। इसके बीच में तारों की अधिक संख्या है। जिसके दक्षिण पश्चिम में साइरस तारा होता है।



➤ **वृहद सप्त ऋषि (Ursa Major) :-** यह सात तारों का एक समूह है इसके ऊपरी तारे के ठीक सामने ध्रुव तारा अवस्थित रहता है।

➤ **लघु सप्त ऋषि (Ursa Minor) :-** यह भी सात तारों का एक समूह है किन्तु यह सप्त ऋषि के उल्टे आकार का होता है। इसके सहयोग से भी ध्रुव तारा को ढूंढ़ा जाता है।



➤ **नक्षत्र :-** सूर्य के समीप तारों के समूह को नक्षत्र कहते हैं। इसकी संख्या 27 है।

❖ सूर्य एक महीने में 2.25 नक्षत्र को पार करता है।

❖ भारतीय ज्योतिष पर इसका प्रभाव देखा जाता है।

➤ **ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति का सिद्धान्त :-** बेल्जियम के पादरी जॉर्ज लेवोजेयरे ने महाविस्फोट (Big Bang) का सिद्धान्त दिया। इसके अनुसार 15 Billion वर्ष पहले एक अति उच्च घनत्व वाले तारा में महाविस्फोट हुआ। इसी विस्फोट के फलस्वरूप कई आवेसित कण जैसे- e^-, P^+, n^0, न्यूट्रीनो etc. का निर्माण हुआ। इसी विस्फोट के बाद से Space का निर्माण हुआ तथा समय की गणना प्रारम्भ हुई।

❖ कण आपस में सकेन्द्रित होकर तारों का निर्माण कर लिये।

❖ कई तारे मिलकर आकाशगंगा का निर्माण कर लिए।

❖ तीन आकाशगंगा मिलकर Super Clauster का निर्माण कर लिए।

❖ कई Super Clauster मिलाकर ब्रह्माण्ड बनता है।

❖ हब्बल नामक वैज्ञानिक ने बताया कि यह ब्रह्माण्ड विस्तारित हो रहा है। अंतरिक्ष में छोड़े गये हब्बस नामक दूरदर्शी से इस विस्तार का पता चलता हैं।

❖ विद्वानों का मानना है कि ब्रह्माण्ड को विस्तारित करके कोई शक्ति है जो इसे खींच रही है। अत: जब यह शक्ति समाप्त होगी तो ब्रह्माण्ड पुन: सिकुड़ना चालू हो जाएगा और सिकुड़कर पुन: अपनी प्रारम्भिक अवस्था में चला जाएगा। तब इसे Super Cranch कहा जाएगा।



➤ **सौरमण्डल के उत्पत्ति सम्बन्धी सिद्धान्त :-** सूर्य तथा उसके आस-पास के क्षेत्र को सौरमण्डल कहा जाता है। इसके उत्पत्ति सम्बन्धी कई सिद्धान्त प्रचलित हैं :-

1. **Mono Star (एक तारा सिद्धान्त) :-** इस सिद्धान्त के अनुसार सौरमण्डल का निर्माण सूर्य के ही टुकड़ों से हुआ है। इस सिद्धान्त को दो विद्वानों ने दिया :-

(a) **गैसीय सिद्धान्त :-** इसे कान्ट महोदय ने दिया। इसके अनुसार सूर्य के घूर्णन गति के कारण सूर्य के बाहरी परत अलग हो गया तथा ठंडा होकर ग्रहों का निर्माण कर लिया, इस सिद्धान्त को अस्वीकार कर दिया गया।

(b) **निहारिका (Nebula) सिद्धान्त :-** इसे लापलास ने दिया। इसके अनुसार सूर्य की बाहरी परत ठंडी हो गयी। किन्तु आंतरिक परत गर्म बनी रही जिस कारण इसका बाहरी भाग टूटकर अलग हो गया और इसी अलग हुए भाग से ग्रहों का निर्माण हुआ।

❖ इन दोनों सिद्धान्त को नकार दिया गया क्योंकि ग्रह की संरचना सूर्य की संरचना से भिन्न पायी गई है।



2. **Dual Star Theory :-** इस सिद्धान्त के अनुसार सौरमण्डल का निर्माण दो तारों से हुआ है। इस सिद्धान्त को दो विद्वानों ने दिया।

(a) **चेम्बरसीन :-** इसके अनुसार सूर्य के समीप एक विशाल तारा था। जिसके गुरुत्वाकर्षण के कारण सूर्य का ऊपरी भाग टूट गया और ऊपरी भाग अलग हो गया। जिससे सौरमण्डल का निर्माण हुआ।

(b) **जीन्स :-** इसके अनुसार सूर्य के समीप एक बहुत बड़ा तारा था। जिसका गुरुत्वाकर्षण के कारण सूर्य के ऊपरी भाग को अलग कर दिया। जब यह तारा सूर्य के समीप आया तो उसके बहुत बड़े भाग को सूर्य से अलग कर दिया गया जिससे बड़े ग्रहों का निर्माण हुआ।

❖ इन दोनों ही सिद्धान्त को नकार दिया गया क्योंकि ग्रहों की संरचना सूर्य से बिल्कुल ही भिन्न है।



3. **Double Star Theory :-** इस सिद्धान्त के अनुसार सौरमंडल का निर्माण सूर्य के अतिरिक्त दो तारों से हुआ। इस सिद्धान्त को लिलिटन ने दिया। इनके अनुसार सूर्य के अतिरिक्त दो तारे थे। जिसमें एक तारे में विस्फोट हो गया और सूर्य के गुरुत्वाकर्षण से वे सूर्य के समीप आ गए और उससे ग्रहों का निर्माण हुआ। जबकि दूसरा तारा Black Hole में विलिन हो गया।

❖ इस सिद्धान्त को मान्यता प्राप्त है। वर्तमान में ग्रह का स्वरूप उस विस्फोट तारा के समान है।



➤ **सौरमण्डल (Solar System) :-** सूर्य तथा उसके आसपास के ग्रह, उपग्रह तथा क्षुद्रग्रह, धूमकेतु, उल्कापिण्ड, उल्का के संयुक्त समूह को सौरमण्डल कहते हैं।

❖ सौरमण्डल के केन्द्र में सूर्य स्थित है।

❖ सौरमण्डल में जनकतारा के रूप में सूर्य है।

सौरमण्डल के सभी पिंड सूर्य का चक्कर लगाते हैं।

➤ **सूर्य :-** यह हमारा सबसे निकटतम तारा है। सूर्य सौरमण्डल के बीच में स्थित है।

❖ सूर्य की आयु लगभग 15 अरब वर्ष है जिसमें से वह 5 अरब वर्ष जी चुका है।

सूर्य के अंदर H का He में संलयन होता है और ईंधन प्लाज्मा अवस्था में रहता है।

आंतरिक संरचना के आधार पर सूर्य को तीन भाग में बाँटते हैं :-

(i) **Core :-** यह सूर्य के मध्य भाग है। इसका तापमान लगभग 15 Million C है। इसी में H का He में संलयन होना है। यह प्लाज्मा अवस्था है।

(ii) Redative Zone (विकिरण मंडल) :- Core में हुए संलयन के फलस्वरूप कई प्रकार की किरणें निकलती है जो Redative Zone में दिखती है। इसमें Y, X-Ray तथा फोटॉन पाये जाते हैं।

(iii) Conveactive Zone (संवहन मंडल) :- इसमें H_2 के बने Cell पाये जाते हैं जो अंदर की ओर बड़े होते हैं तथा बाहर की ओर छोटे होते हैं।

➤ **सौर ज्वाल (Solar Flame) :-** जब Core में बहुत अधिक ऊर्जा बन जाती है तो वह सूर्य की तीनों परतों को पार करके H_2 कीCell को चीरती हुई सूर्य की सतह को छोड़कर सौरमण्डल में प्रवेश कर जाती है।

जिस ज्वाला के पास तापमान कम है उसके पास ऊर्जा भी कम रहती है और उसे सूर्य वापस खींच लेता है।

जिस ज्वाला के पास तापमान अधिक रहता है वह सौरमण्डल में दूसरे ग्रहों तक पहुँच जाती है।

जब ये पृथ्वी के करीब से गुजरता है तो गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में आकर पृथ्वी पर गिरने लगता है किन्तु वायुमण्डल इसे विचलित कर देता है और पृथ्वी को जलने से रोकता है। इस कारण तीन घटनाएँ उत्पन्न होती है :-

(i) पृथ्वी पर संचार (Phone) में बाधा आती है।

(ii) एक ध्वनि उत्पन्न होती है जिसे Vaslur कहते हैं।

(iii) एक प्रकाश उत्पन्न होता है जिसे अरौरा कहते हैं। उत्तरी गोलार्द्ध में इस प्रकाश में अरोरा बोरियोलिस तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में इस प्रकाश को अरोरा ऑस्ट्रेसिस कहते हैं।

➤ **Solar Spot & Sun Spot (सौर कलंक) :-** वह ज्वाला जिसका तापमान कम था और उसके पास ऊर्जा भी कम थी जिसे सूर्य गुरुत्वाकर्षण के कारण वापस खींच लेता है। यह दो Cell के बीच के खाली जगह से अन्दर प्रवेश करता है। इसका तापमान 4000°C होता है जबकि सौर ज्वाला का तापमान 6000°C होता है। अत: इसका तापमान अपेक्षाकृत कम होता है। अत: यह एक धब्बा के समान दिखता है जिसे सौर कलंक कहते हैं।

➤ **Sun Spot Cycle (सौर कलंक चक्र) :-** सौर ज्वाला सूर्य के विषुवत रेखा (0°) से 40° अक्षांश (दो दिशा) तक जाता है। इसे जाने में 5.5 वर्ष तथा आने में भी 5.5 वर्ष लगते हैं। अत: एक Sun Spot Cycle 11 वर्ष का होता है।

2013 में 23 Cycle पूरा हुआ था। वर्तमान में 24 Cycle चल रहा है। 1 Cycle में (11 year में) 100 Solar Spot (Solar event) होते हैं।

➤ **Magnetic Arc (चुम्बकीय चाप) :-** जब Sun Spot बनता है तो वहाँ की चुम्बकीय क्षमता बढ़ जाती है। इन चुम्बकीय किरणों को ध्रुव अपनी ओर खींच लेता है जिसे Magnetic Arc कहते हैं।



➤ **सूर्य की बाहरी परत:** सूर्य के बाहर उसकी तीन परते हैं-

(i) प्रकाशमंडल (Photosphere):

यह सूर्य का दिखाई पड़ने वाला भाग है। इसका तापमान 6000°C होता है।

(ii) वर्णमंडल (Cromosphere):

यह बाहरी परत के आधार पर मध्य भाग है। इसका तापमान 92400°C होता है।

(iii) कीरीट /मुकुट (Corona)

यह सूर्य की सबसे बाहरी परत है। जो लपट के समान होती है। इसे केवल सूर्यग्रहण के समय देखा जाता है। इसका तापमान 27 Lac°C होता है।

❖ सूर्य में 75% H_2 में तथा 24% He है।
❖ शेष तत्वों की मात्रा 1% में ही निहित है।
❖ सूर्य का द्रव्यमान पृथ्वी से 3 लाख 32 हजार गुणा है।
❖ सूर्य का व्यास पृथ्वी से 109 गुणा है।
❖ सूर्य का गुरूत्वाकर्षण पृथ्वी से 28 गुणा है।
❖ सूर्य का घनत्व पृथ्वी से 20 गुणा (100 gm/cm^3) है।
❖ सूर्य से प्रति सेकेण्ड 10^{26} जूल ऊर्जा निकलती है।
❖ सूर्य पश्चिम से पूरब घूर्णन करता है।
❖ सूर्य का विषुवतरेखीय भाग 25 दिन में घूर्णन कर लेता है।
❖ सूर्य का ध्रुवीय भाग 31 दिन में घूर्णन कर लेता है।



➤ **ग्रह (Planet):** वैसा आकाशिय पिण्ड जिसके पास न अपनी ऊष्मा हो और न ही अपना प्रकाश हो वह उष्मा तथा प्रकाश के लिए वह अपने निकटतम तारा (सूर्य) पर आधारित है।

❖ यह तारे पर आश्रित होता है उसी का चक्कर लगाता है।
❖ प्रारम्भ में ग्रहों की संख्या 9 थी। किन्तु वर्तमान में 8 ग्रह है। ग्रहों को दो श्रेणियों में बांटते हैं:

(i) पार्थिव (Teristrial): इन्हें आन्तरिक ग्रह भी कहते हैं। यह पृथ्वी से समानता रखते हैं। इनका घनत्व अधिक होता है तथा वे ठोस अवस्था में होते हैं।

इनके उपग्रह कम होते है या होते ही नहीं हैं। इन ग्रहों की संख्या 4 है।

(a) बुध (b) शुक्र (c) पृथ्वी (d) मंगल

(ii) जोबियन ग्रह: इसे बाह्य ग्रह भी कहते हैं। यह बृहस्पति से समानता रखते हैं। उनका आकार बड़ा होता है किन्तु घनत्व कम होता है। ये गैसीय अवस्था में पाये जाते हैं। इनके उपग्रहों की संख्या अधिक है।

➤ **प्लूटो (यम) :** यह नौवां ग्रह था किन्तु 24 अगस्त, 2006 को चेक गणराज्य की राजधानी प्राण में अंतर्राष्ट्रीय खगोल संघ की बैठक हुई जिसमें प्लूटो को ग्रह की श्रेणी से निकालकर बौना ग्रह में डाल दिया।

❖ अभी प्लूटो का नाम 194940 है।
❖ प्लूटो को ग्रह की श्रेणी से निकालने के तीन कारण थे:

(i) इसका आकार अत्यधिक छोटा था।
(ii) इसकी कक्षा दीर्घवृत्तीय नहीं थी।
(iii) इसकी कक्षा वरूण की कक्षा को काटती थी।

➤ **उपग्रह (satellite):** इनके पास भी ऊष्मा और प्रकाश दोनों नहीं होते। ये अपने निकटतम तारा से ऊष्मा और प्रकाश लेते हैं। किन्तु ये चक्कर अपने निकटतम ग्रह का लगता है।

➤ उपग्रह दो प्रकार के होते हैं।

(i) प्राकृतिक उपग्रह (चन्द्रमा)

(ii) कृत्रिम उपग्रह: यह मानव निर्मित होते हैं। संचार तथा मौसम की भविष्यवाणी करता है।

➤ **सूर्य से दूरी के अनुसार ग्रह:**

(i) बुध, (ii) पृथ्वी, (iii) बृहस्पति, (iv) अरूण, (v) शुक्र, (vi) मंगल
(vii) शनि, (viii) वरूण

➤ **पृथ्वी से दूरी के अनुसार ग्रह:**

(i) शुक्र, (ii) मंगल (iii) बुध (iv) बृहस्पति (v) शनि (vi) अरूण (vii) वरूण

➤ **आकार के अनुसार ग्रह:**

(i) बृहस्पति, (ii) शनि, (iii) अरूण, (iv) वरूण, (v) पृथ्वी, (vi) शुक्र
(vii) मंगल, (viii) बुध

➤ **नंगी आँखों से हम 5 ग्रहों को देख सकते हैं-**

(i) बुध, (ii) शुक्र, (iii) मंगल, (iv) बृहस्पति, (v) शनि

➤ **उल्टा घूमने वाले ग्रह: (पूरब से दक्षिण)**

शुक्र तथा अरूण

❖ सर्वाधिक घनत्व पृथ्वी का तथा कम घनत्व शनि का।
❖ सबसे बड़ा उपग्रह बृहस्पति का गैनिमेड और सबसे छोटा उपग्रह मंगल का डिमोस है।
❖ सबसे तेज घूर्णन (दिन की अवधि) बृहस्पति (9.5 घंटे)। सबसे धीमा घूर्णन शुक्र (249 दिन)।

- ❖ सबसे तेज परिक्रमण (वर्ष की अवधि) बुध (88 दिन) सबसे धीमा शुक्र (249 दिन)
- ❖ सबसे गर्म ग्रह शुक्र सबसे ठंडा ग्रह अरूण, वरूण है।

➤ **Goldy Lock Zone:** अंतरिक्ष का वह स्थान जहाँ जीवन की संभावना पायी जाती है उसे Goldy Lock Zone कहते हैं। केवल पृथ्वी पर जीवन संभव है। मंगल पर इसकी संभावना है। जीवन की उत्पत्ति के लिए कपास का पौधा अंतरिक्ष पर भेजा गया।

➤ **बुध ग्रह (Mercury) :** इसका नामकरण रोमन संदेशवाहक देवता के नाम पर हुआ है। इस ग्रह का वायुमंडल नहीं है, किन्तु बहुत ही कम मात्रा में यहाँ ऑक्सीजन पायी जाती है।

- ❖ वायुमंडल न होने के कारण ये उष्मा को रोक नहीं पाता है। जिस कारण दिन में इसका तापमान 420°C तथा रात में –180°C तापमान हो जाता है। अर्थात इस ग्रह पर सर्वाधिक तापांतर 600°C का देखा जाता है। अत: यहाँ जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।
- ❖ वायुमंडल न होने के कारण इस ग्रह पर सर्वाधिक उल्का पात हुआ है। जिस कारण वहाँ बहुत बड़े-बड़े गड्डे (ग्रेटर) बने है।
- ❖ सबसे बड़ा क्रेटर कोरोलिस बेलिन है।

➤ **शुक्र (Venus):** इस ग्रह पर सर्वाधिक मात्रा में CO_2 पाया जाता है जो सूर्य से आने वाली सभी उष्मा को अवशोशित कर लेता है। और उसे जाने नहीं देता है। जिस कारण यह सबसे गर्म तथा चमकीला ग्रह है। इसे सौरमण्डल की परी कहते हैं। इस पर प्रेशरकुकर के समान स्थिति पायी जाती है। जिस कारण इसे veiled planet (दम घोंटने वाला) कहते है।

- ❖ यह पृथ्वी से समानता रखता है। अत: इसे पृथ्वी का सहोदर, भगिनी, जुड़वा बहन कहते हैं।
- ❖ यह अपने अक्ष पर उल्टा अर्थात पूरब से पश्चिम घूमता है। जिस कारण यहाँ सूर्योदय पश्चिम में होता है।
- ❖ यह अपने अक्ष पर 243 दिन में घूर्णन कर लेता है जबकि सूर्य का परिक्रमण 224 दिन में पूरा करता है।
- ❖ अर्थात इस ग्रह का घूर्णन और परिक्रमण समान है।
- ❖ अर्थात इस ग्रह पर एक दिन एक वर्ष के बराबर होगा।
- ❖ बुध तथा शुक्र के पास उपग्रह नहीं है। इसके उपग्रह को सूर्य खींच लेता है।

➤ **भोर तथा सांझ का तारा:** भोर तथा सांझ के समय प्रकाश कम रहता है। इसी कारण सूर्य से जब प्रकाश आता है तो बुध तथा शुक्र से प्रकाश टकरा कर परिवर्तित होता है। इस परिवर्तित प्रकाश के कारण बुध तथा शुक्र चमकीले दिखते है। जिससे सूर्य निकट होने के कारण अधिक चमकीला दिखता है।

- ❖ किन्तु बुध एवं शुक्र दोनों को भोर तथा सांझ का तारा कहते हैं।

➤ **मंगल (Mars):** इस पर Iron Oxide की अधिकता है। जिस कारण यह लाल दिखता है। यह 25° पर झुका हुआ है। जिस कारण इस पर पृथ्वी के समान ऋतु परिवर्तन देखे जाते हैं। इस ग्रह पर जीवन की संभावना सर्वाधिक है। इस ग्रह पर पूरे सौर मंडल का सबसे ऊँचा पर्वत Mix Olympia है। जिसकी ऊँचाई 30,000 km है जो Mount Everest से भी तीन गुणा से अधिक ऊँचा है।

➤ **बृहस्पति (Jupiter):** यह सबसे बड़ा ग्रह है। किन्तु यह गैसीय अवस्था में है। इस पर SO_2 की अधिकता है जिस कारण यह हल्का पीला दिखता है। यह एकमात्र ग्रह है जो हिमरहित है। यह अपने अक्ष पर सबसे तेज घूर्णन करता है जो लगभग $9\frac{1}{2}$ घंटे में पूरा होता है।

- ❖ बृहस्पति के 79 उपग्रहों में से केवल 16 उपग्रहों को मान्यता प्राप्त है।
- ❖ इसका सबसे बड़ा उपग्रह गैनीमैड है।
- ❖ बृहस्पति के अत्यधिक विशालता के कारण इसे तारा सदृश ग्रह कहते हैं।

➤ **शनि ग्रह (Saturn):** यह सबसे कम घनत्व वाला ग्रह है। इसका घनत्व 0.7 g/cm^3 है। कम घनत्व के कारण यह पानी में नहीं डुबेगा। इस ग्रह के चारों ओर 7 छल्ले (वलय) हैं। जिन्हें A, B, C, D,, E, F, G कहते हैं। ये वलय इसी ग्रह का टुकड़ा हैं जो शनि के गुरूत्वाकर्षण के कारण इसी के समीप रहते हैं। इन छल्लों के कारण ही शनि को आकाशगंगा सदृश ग्रह कहते हैं।

- ❖ शनि के 62 उपग्रहों में से 21 उपग्रहों को मान्यता प्राप्त है।
- ❖ अत: सर्वाधिक उपग्रहों वाले ग्रह की संख्या में शनि का स्थान प्रथम हो जाता है।
- ❖ टाइटन शनि का सबसे बड़ा उपग्रह है।

➤ **अरूण (Uranus) :** इसे अक्ष पर अत्यधिक झुकाव के कारण लेटा हुआ ग्रह कहते है। द्वितीय लेटा हुआ ग्रह शुक्र को कहते हैं। इसे आधुनिक ग्रह कहते हैं। उस पर मीथेन की अधिकता होने के कारण हरा दिखता है। यह अपने अक्ष पर उल्टा घूर्णन करता है। जिस कारण वहाँ सूर्योदय पश्चिम में होता है।

- ❖ इस ग्रह के भी बाहर 5 वलय घूमते हैं।
- ❖ इसके 15 उपग्रह है जिनमें ट्रिटेनिया सबसे बड़ा है।

➤ **वरूण (Neptune) :** यह सबसे दूरी पर स्थित ग्रह है। यह सूर्य का परिक्रमण लगभग 164 वर्ष में पूरा करता है। इस पर भी Methane की अधिकता है। जिससे यह नीला दिखता है। इसलिए इसे अरूण का भाग कहते है।

- ❖ इसके 8 उपग्रह हैं जिसमें ट्रिटोन सबसे प्रमुख है।

➤ **परिक्रमण (Revolution):** ग्रह द्वारा सूर्य का चक्कर लगाना परिक्रमण कहलाता है। परिक्रमण के कारण ही वर्ष की घटना होती है।

➤ **परिभ्रमण/ घूर्णन (Rotation):** अपने ही अक्ष पर चक्कर लगाना

घूर्णन कहलाता है। दिन और रात की घटनाएँ घूर्णन के कारण होती है।

	परिक्रमण सदी का फेरा	परिभ्रमण लट्टू
बुध	88 days	59 hour
शुक्र	224 days	243 hour
पृथ्वी	365 days	24 hour
मंगल	687 days	25 hour
बृहस्पति	12 year	9.5 hour
शनि	29 year	10 hour
अरूण	84 year	18 hour
वरूण	165 year	18 hour

➤ **ग्रहों के रंग:**

बुध	Grey
शुक्र	Yellow
पृथ्वी	Blue
मंगल	लाल + भूरा Redish brown
बृहस्पति	Orange + White Band
शनि	Gold
अरूण	Blue + Green
वरूण	Blue

➤ **दूसरे ग्रहों पर भेजे गये कृत्रिम उपग्रह:**

1. सूर्य – पारकर, पाइनियर, आदित्य।
2. बुध – मेरिनर-10, मैसेनजर
3. शुक्र – वेणा, वेनेश, मेग्लन
4. पृथ्वी – स्तूपनिक
5. मंगल – फोबोस, क्यूरोसिटी रोवर
6. बृहस्पति – गैलिलियो।
7. क्षुद्र ग्रह – ग्रैसप्रा, इरोस।

➤ **नोट:** मानव द्वारा भेजा गया पहला उपग्रह पृथ्वी की कक्षा में गया जो स्तूपनिक था। जबकि किसी अन्य ग्रह पर भेजा गया पहला उपग्रह वेनेश था जिसे शुक्र पर भेजा गया था। वह ठोस अवस्था में रहते हैं।

➤ **क्षुद्र ग्रह (Asteroide) :** यह मंगल तथा बृहस्पति की कक्षा में घूमते है। यह ग्रहों के टूटे हुए भाग है किन्तु मंगल तथा बृहस्पति के गुरूत्वाकर्षण के कारण यह इन दोनों ग्रहों के बीच में फंस जाते है।

➤ **उल्का (Metior):** क्षुद्र ग्रह को मंगल गुरूत्वाकर्षण के कारण खींच लेता है और स्वयं आगे बढ़ जाता है। यह क्षुद्र ग्रह पृथ्वी के वायुमण्डल में प्रवेश कर जाता है। वायुमण्डल में घर्षण के कारण ये जलने लगते हैं जिसे टूटता तारा (shooting start) या तारे जमीन पर कहा जाता है। जब यह उल्का पृथ्वी पर गिर जाते हैं तब इन्हें उल्का पिण्ड कहा जाता है। उल्का पिण्ड के कारण गड्डे का निर्माण हो जाता है, जिसे क्रेटर कहते है। ex. लोनार झील, दक्षिण अफ्रीका का नेटाल, USA का एरिजोना (सबसे बड़ा)

❖ इजिप्टा नामक उल्का पिण्ड के गिरने से ही डायनासोर की मृत्य हो गई है और वहाँ प्रशान्त महासागर का निर्माण हो गया।

❖ उल्का पृथ्वी के घूर्णन के दिशा में गिरते है जिसे कारण इनकी गति 72 km/sec होती है।

➤ **बोलाइट :** जब उल्का पृथ्वी के घूर्णन के दिशा के विपरीत गिरता है तब उसे बोलाइट कहते हैं। यह अधिक चमकीला दिखता है। इसकी गति 12 km/sec होती है। जब वह पृथ्वी पर गिरता है तो उसे टेकटाइट कहते हैं।



➤ **उल्कापिण्ड के प्रभाव:**

1. जब ये वायुमण्डल में प्रवेश करते हैं तो घर्षण के कारण इनका चूर्ण बन जाता है जिस कारण Red Rain होती है।
2. जब ये वायुमण्डल में प्रवेश करते है तो जलने लगते हैं जिस कारण तापमान बढ़ जाता है और ग्लोबल वार्मिंग होती है।
3. इनके गिरने से पृथ्वी का द्रव्यमान बढ़ जाता है जिस कारण गुरूत्वाकर्षण बढ़ जाता है।
4. इनके गिरने से पृथ्वी की घूर्णन गति कम होती है। 900 मिलियन वर्ष पूर्व पृथ्वी 18 घंटे में घूर्णन कर लेती थी। अर्थात दिन की अवधि 18 घंटे थी।
5. 41000 वर्ष पूर्व पृथ्वी 21° झुकी हुई थी जो वर्तमान में 24° झुकी है। जिसे हम $23\frac{1}{2}°$ पर गणना करते हैं।

➤ **धूमकेतू/पुच्छलतारा (Commet) :** ये धूलकण के बने होते हैं तथा सूर्य का चक्कर लगाते हैं। जब ये सूर्य के समीप जाते हैं तो तापमान पाकर जलने या चमकने लगते है। इनका पूँछ सदैव सूर्य के विपरीत दिशा में होता है।

❖ पुच्छल तारा की खोज टाइको ने किया था।

❖ पुच्छल तारा भी सूर्य का चक्कर लगाते हैं किन्तु यह किसी दूसरे ग्रह की कक्षा को नहीं काटते क्योंकि इनकी कक्षा और अन्य ग्रहों की कक्षा ऊपर-नीचे होती है।

❖ सेकी नामक पुच्छलतारा दिन में दिखता है।

- ❖ एकी नामक पुच्छलतारा 3 साल में दिखता है।
- ❖ काहुतेक नामक पुच्छलतारा 7600 वर्ष में दिखता है।
- ❖ हेली नामक पुच्छलतारा 76 वर्ष में दिखता है। यह 3 फरवरी, 2062 में दिखेगा जबकि इससे पहले वह 9 फरवरी 1986 में दिखा था।



- ❖ टॉलमी ने बताया कि सूर्य पृथ्वी का चक्कर लगाता है।
- ❖ कॉपरनिक्स ने सौरमण्डल की खोज की और बताया कि पृथ्वी तथा अन्य ग्रह सूर्य का चक्कर लगाते हैं।
- ❖ कैप्लर ने ग्रहों की गति का सिद्धान्त दिया और कहा कि ग्रह दीर्घवृत्त पर घूमते हैं और जब सूर्य के करीब आते हैं तो इनकी चाल बढ़ जाती है।
- ❖ गैलिलियो ने दूरदर्शी बनाकर इन सिद्धान्तों को सिद्ध कर दिया।
- ❖ हब्बल नामक दूरबीन से ब्रह्माण्ड के विस्तारित होने का पता चलता है।

➤ **पृथ्वी (Earth) :** पृथ्वी एकमात्र ग्रह है जिस पर जीवन संभव है। जल की अधिकता के कारण इसे नीला ग्रह कहते हैं। इस पर 71% जल है तथा 19% स्थल है।

- ❖ पृथ्वी का घनत्व सर्वाधिक 5gm/ cm^3 है।
- ❖ पृथ्वी ध्रुवों पर चपटी है। पृथ्वी की इस आकृति के को globe कहते है।
- ❖ पृथ्वी का विषुवतरेखीय व्यास 12756 km है। जबकि ध्रुवीय व्यास 12714 km है।
- ❖ इसके ध्रुवीय तथा विषुवतरेखीय व्यास में पर या 49 km का अंतर है।



पृथ्वी अपने अक्ष पर $23\frac{1}{2}°$ झुकी है। जबकि अपने तल पर $66\frac{1}{2}°$ झुकी है।



➤ **घूर्णन (Rotation) :** पृथ्वी अपने अक्ष पर पश्चिम से पूरब घूमती है और एक घूर्णन 24 घंटा (23 H, 56 m, 43 sec) । पृथ्वी के घूर्णन के कारण निम्नलिखित घटना होती है–

1. दिन और रात का होना।
2. समीर का उत्पन्न होना।
3. ज्वाभाटा का उत्पन्न होना।
4. कोरोयोलिस बल का उत्पन्न होना।

➤ **परिक्रमण :** पृथ्वी सूर्य का परिक्रमण 365 दिन 5 घंटा 48 मिनट 46 सैकण्ड (365 दिन 6 घंटा) में पूरा करती है। परिक्रमण के कारण निम्नलिखित घटनाएँ होती हैं–

1. ऋतु परिवर्तन
2. दिन की अवधि का बड़ा-छोटा होना
3. ध्रुवों पर 6 महीना दिन तथा 6 महीना का होना।

➤ **नोट:** 6 महीना दिन तथा 6 महिना रात होने में दो घटनाएँ भाग लेती हैं।

1. पृथ्वी का परिक्रमण
2. अक्ष पर झुकाव

➤ **अपसौर (Adheliax) :** जब सूर्य से पृथ्वी की दूरी बढ़ जाती है तो उसे अपसौर कहते है। यह घटना प्रत्येक वर्ष 4 जुलाई को होती है।

➤ **उपसौर (Periheliax) :** जब सूर्य से पृथ्वी की दूरी घट जाती है तो उसे उपसौर कहते है। यह घटना प्रत्येक वर्ष 9 जनवरी को होती है।

➤ **एपिसाइड लाइन :** अपसौर तथा उपसौर को मिलाने वाली काल्पनिक रेखा को एपिसाइड लाइन कहते हैं।

➤ **खगोलीय इकाई (Asteronomical Unit) :** सूर्य तथा पृथ्वी के बीच की औसत दूरी 15 करोड़ किमी. (14.96 करोड़ किमी.) है। इस दूरी को ही खगोलीय इकाई कहते है। इतनी दूरी से सूर्य के प्रकाश को आने में लगभग 8 मिनट 16 सेकण्ड लगते हैं। जबकि चन्द्रमा से प्रकाश को आने में 1.8 सेकण्ड (सवा 1 सेकण्ड) लगता है।



➤ **चन्द्रमा (Moon) :** इसे पृथ्वी का जीवाश्म कहा जाता है। चन्द्रमा को रात की रानी कहते है। चन्द्रमा का अध्ययन सेलेनोलॉजी कहलाता है।

चन्द्रमा पर वायुमण्डल न होने के कारण वहाँ का तापान्तर अधिक होता है और दिन का तापमान 100°C तथा रात का तापमान –180°C हो जाता है।

वायुमण्डल के अभाव के कारण ही चन्द्रमा पर अत्यधिक उल्कापिण्ड गिरे हैं। जिससे चन्द्रमा पर बहुत बड़े-बड़े गड्ढे (ग्रेटर) बने हैं। इन क्रेटर में सूर्य का प्रकाश नहीं जाता है, जिस कारण वह भाग पृथ्वी से देखने पर धब्बा के समान दिखता है।

वायुमण्डल के अभाव में ही चन्द्रमा पर ध्वनि तो उत्पन्न होगी, किन्तु सुनाई नहीं देगी साथ ही आकाश काला दिखेगा।

चन्द्रमा तथा पृथ्वी के बीच की औसत दूरी 384,000 km है। यहाँ से प्रकाश को आने में 1.3 सेकण्ड (सवा एक सेकेण्ड) लगता है।

➤ **अपभू (Apigue) :** जब चन्द्रमा की दूरी पृथ्वी से अधिकतम हो जाती है तो उसे अपभू कहते हैं।

➤ **उपभू (Parigue) :** जब चन्द्रमा तथा पृथ्वी के बीच की दूरी न्यूनतम हो जाती है तो उसे उपभू कहते हैं।

➤ **सुपर मून (Super Moon) :** जब चन्द्रमा पृथ्वी के समीप आ जाता है तो बहुत बड़ा दिखता है जिसे सुपर मून (Super moon) कहते है। हमे पृथ्वी से चन्द्रमा का अधिकतम 59% भाग दिखता है।



■ **चन्द्रमा की कला (Phases of Moon) :** चन्द्रमा का जो 59% भाग पृथ्वी से दिखता है। वह भी कटा हुआ प्रतीत होता है। इसके आकार में परिवर्तन दिखने लगता है जिसे कलाएँ कहते हैं।



➤ **अमावस (New Moon) :** चन्द्रमा इस दिन दिखाई नहीं देता है उसी दिन सूर्य ग्रहण लगता है।

➤ **पूर्णिमा (Full Moon) :** इस दिन चन्द्रमा का पूरा भाग दिखता है। चन्द्रग्रहण पूर्णिमा के दिन ही लगता है।

❖ चन्द्रमा 24 दिन 7 घंटा में एक घूर्णन पूर्ण करता है।

❖ एक पूर्णिमा से अगले पूर्णिमा या एक अमावस से अगली अमावस में 28 दिन का अंतराल होता है।

➤ **शुक्ल पक्ष :** अमावस से पूर्णिमा की यात्रा को शुक्ल पक्ष कहते हैं। यह 14 दिन का होता है। और 14 दिन का चांद पूर्णिमा का हो जाता है।

➤ **कृष्ण पक्ष :** पूर्णिमा से अमावस की यात्रा को कृष्ण पक्ष कहते हैं, यह 14 दिन का होता है।

➤ **नोट:** शुक्र तथा बुध की भी चन्द्रमा के समान कलाएँ देखी जाती हैं।



➤ **नोट:** हमें चन्द्रमा का केवल एक ही भाग दिखाई देता है क्योंकि चन्द्रमा जितने समय में पृथ्वी का परिक्रमण करता है, उतने समय में ही वह अपना एक घूर्णन भी पूर्ण कर लेता है।

➤ **ब्लु मून (Blue moon) :** जब एक ही महीने में दो पूर्णिमा हो जाए तो पहली पूर्णिमा को पूर्णिमा कहेंगे तथा दूसरी पूर्णिमा को Blue moon कहेंगे। **Ex-** 2 अगस्त 2012 फुल मून (पूर्णिमा) तथा 29 अगस्त, 2012 (ब्ल्यू मून)

❖ चन्द्रमा पर जाने वाला पहला जीव लाइका नामक कुत्ता था।

❖ 21 अगस्त, 1969 को अपोलो यान द्वारा नील आर्मस्ट्रांग तथा एडविन एंडलिन ने चन्द्रमा की सतह पर पैर रखा था। ये लोग चन्द्रमा की जिस सतह पर गये थे उसे Sea of Taranquality या शान्ति का सागर कहते है।

❖ चन्द्रमा पर मारिया नामक मैदान है।

➤ **ग्रहण (Eclipse) :** किसी आकाशीय पिण्ड का उसकी वास्तविक स्थित में न दिखकर थोड़ा कटा हुआ दिखना ग्रहण कहलाता है। ग्रहण का मुख्य कारण प्रकाश का ऋजुरेखीय प्रवाह (straight line) है।

➤ **सिजवी:** जब सूर्य, चन्द्रमा तथा पृथ्वी तीनों एक सीध में आ जाते है तो उसे सिजवी कहते है।

प्रत्येक सिजवी के समय ग्रहण नहीं लगता है क्योंकि चन्द्रमा तथा पृथ्वी का तल 5° उठा हुआ है। जब वह तब बराबर हो जाता है तो ही ग्रहण लगता है।

➤ **सूर्य ग्रहण :** जब सूर्य तथा पृथ्वी के बीच चन्द्रमा आ जाता है तो सूर्य का पूरा भाग नहीं दिख पाता है, जिसे सूर्य ग्रहण कहते हैं।

❖ पूर्ण सूर्य ग्रहण के समय सूर्य चमकते हुए वलय (रिंग) के समान दिखता है जिसे हिरण वलय (Diamond ring) कहते हैं। सूर्य ग्रहण के समय सूर्य का दिखने वाला हिस्सा कोरोना होता है। इसमें U.V. किरण (पराबैंगनी) की अधिकता होती है। जिससे आँख खराब हो जाती है।

❖ सूर्य ग्रहण अमावस के दिन ही होता है, किन्तु प्रत्येक अमावस को नहीं लगता है।



सूर्य ग्रहण

➤ **चन्द्र ग्रहण (Lunar Eclipse) :** जब सूर्य तथा चन्द्रमा के बीच पृथ्वी आ जाती है तो उसे चन्द्र ग्रहण कहते हैं। चन्द्र ग्रहण पूर्णिमा को होता है किन्तु प्रत्येक पूर्णिमा को नहीं होता है।

➤ **परागमन (Transit) :** सूर्य तथा पृथ्वी के बीच बुध तथा शुक्र ग्रह भी है जो चन्द्रमा से आकार में बहुत बड़ा है। किंतु इनके कारण सूर्य का एक बड़ा भाग नहीं ढ़लता है। क्योंकि यह पृथ्वी से चन्द्रमा की तुलना में बहुत ही दूरी पर है। जब ये बीच में आते हैं तो सूर्य पर केवल एक छोटा धब्बा बनता है जिसे transit कहते है।

(पूर्णिमा)

➤ **नोट:** सूर्य की संलयन की प्रथम जानकारी बोधे ने दी थी।

स्थलाकृति विज्ञान (TOPOGRAPHY)

- इसके अन्तर्गत पृथ्वी की बाहरी परत की बनावट का अध्ययन किया जाता है।
- **मृदाविज्ञान (Pedology) :** इसके अन्तर्गत मिट्टी का अध्ययन करते हैं।

> **Note :** Pedology के अन्तर्गत अध्ययन (Teaching) की कला सीखी जाती हैं।

- **उच्चावच (Relief) :** पृथ्वी के उबड़-खाबड़ आकृति को उच्चावच कहते हैं इसे तीन श्रेणियों में रखा जाता है।
  - **प्रथम श्रेणी के उच्चावच**- इसमें महाद्वीप तथा महासागर आते हैं।
  - **द्वितीय श्रेणी के उच्चावच**-इसमें महाद्वीपों पर बनने वाली आकृति को रखते हैं जैसे-पर्वत, पहाड़, मैदान, मरूस्थल etc.
  - **तृतीय श्रेणी के उच्चावच**-इसमें काट-छांट (अपरदन) से बनने वाली स्थलाकृतियों को रखते हैं। जैसे-V आकार की घाटी, S आकार की घाटी, जलप्रपात, लोयस etc.
- **अपक्षय (Weathering) :** चट्टानों का टूटना अपक्षय कहलाता है। बल तथा दाब के द्वारा टूटना भौतिक अपक्षय कहलाता है। जबकि अम्ल या क्षार के माध्यम से टूटना रासायनिक अपक्षय कहलाता है।
  - चूना पत्थर पर भौतिक तथा रासायनिक दोनों अपक्षय का प्रभाव पड़ता है।
  - **अपरदन (Errosion) :** चट्टानों में घिसावट को अपरदन कहते हैं। अपरदन की क्रिया वायु, नदी, भूमिगत जल, सागर बर्फ etc. द्वारा होती है।
  - **निक्षेपण (Diposition) :** अपरदन के फलस्वरूप निकाला गया गाद (कचरा) जिस स्थान पर जमा हो जाता है, उसे निक्षेपण कहते हैं निक्षेपण की क्रिया निचले ढाल पर होती है।

नदी द्वारा निर्मित स्थलाकृतियाँ

- **उद्गम**-नदियाँ जिस स्थान से निकलती है, उसे उद्गम कहते हैं।
- **मुहाना**-नदियाँ जहाँ सागर में मिल जाती हैं, उसे मुहाना कहते हैं।
- **नदियों की तीन अवस्थाएँ होती हैं**-
  1. **युवा अवस्था**-इसमें नदियाँ पर्वतीय ढाल पर होती है और केवल अपरदन करती है।
  2. **प्रौढ़ा अवस्था**-इससे नदियाँ मैदानी क्षेत्र में पाई जाती हैं और अपरदन के साथ-साथ निक्षेपण भी करती हैं।
  3. **वृद्धा अवस्था**-इसमें नदियाँ अपने मुहाने तक पहुँच जाती हैं और ढाल कम होने के कारण केवल निक्षेपण करती है।
- **प्रवणता (Gradient) :** किसी स्थल के समुद्र से ऊँचाई को (Gradient) प्रवणता कहते हैं।

प्रवणता जितनी अधिक होगी ढ़ाल उतना अधिक होगा। नदियों को शक्ति उनकी प्रवणता से मिलती है।

- **क्षिप्रिका**-नदियाँ जब पर्वतीय क्षेत्र पर होती है तब मुलायम चट्टान को काट देती है। किन्तु कठोर चट्टान को नहीं काट पाती जिस कारण उबड़-खाबड़ आकृति का निर्माण होता है जिसे क्षिप्रिका कहते हैं।



  - **V आकार की घाटी**-नदियाँ जब दो पर्वतों के बीच से निकलती हैं तो V आकार की घाटी का निर्माण करती है।
  - **गार्ज**- V आकार की घाटी जब गहरी हो जाती है, तो उसे गार्ज कहते हैं। सिन्धु, सतलज तथा ब्रह्मपुत्र नदियाँ गार्ज निर्माण करने वाली प्रमुख नदियाँ हैं।
- **कैनियन तथा I आकार की घाटी**-यह गार्ज से भी गहरी होती है। इसका ढाल बिलकुल सीधा होता है। सबसे गहरा कैनियन U.S.A. में कोलोरोड़ो नदी पर स्थित ग्राण्ड कैनियन है।



- **जलप्रपात (Water Fall) :** नदियाँ जब ऊँचाई से नीचे की ओर गिरती है तो जलप्रपात का निर्माण करती है। यहाँ पर्वतीय या पठारी क्षेत्र में ही पाए जाते हैं।
- **अवनमन कुण्ड**–जलप्रपात के अपमान से नदियाँ जब नीचे गिरती हैं तो एक गढ़ढा या कुण्ड का निर्माण कर देती है। जिसे अवनमन कुण्ड कहते हैं।
- **S आकार की घाटी**–नदियाँ मैदानी क्षेत्र में मुलायम चट्टानों को काट देती है तथा कठोर चट्टानों को छोड़ देती है। इस कारण S आकार की घाटी बनती है। इसे निनाण्डर या विसर्प भी कहते हैं।
- **गोखुर झील**– S आकार की घाटी जब सीधी हो जाती है तो वह गोखुर झील का निर्माण करती है इसे परितत्व झील भी कहते हैं।
- **तटबंध**–मैदानी क्षेत्र में नदियाँ अपने किनारे पर सिल्ट (गाद/कचरा) को जमा कर देती है, इसे तटबंध कहते हैं।
- **नदी द्वीप**–जब नदियाँ अपने बीच मार्ग में ही सिल्ट को जमा कर देती है। तो नदी द्वीप का निर्माण होता है।
- विश्व का सबसे बड़ा नदी द्वीप मांजूली है, जो ब्रह्मपुत्र नदी पर असम में है।

Note : तटबंध तथा नदी द्वीप बहुत ही उपजाऊ होते हैं।



- **वितरिका**–नदियाँ जब मुहाने पर पहुँचती है, तो ढाल कम हो जाता है। जिससे नदियां कई शाखाओं में बंट जाती है। इन शाखाओं को वितरिका कहते हैं।
- **डेल्टा**–दो वितरिकाओं के बीच जब गाद (सिल्ट) जमा हो जाता है तो वह त्रिभुज के समान आकृति बना लेता है, जिसे डेल्टा कहते हैं। यह बहुत ही उपजाऊ होता है। सबसे बड़ा डेल्टा गंगा और ब्रह्मपुत्र का डेल्टा है। जिसे सुन्दरवन का डेल्टा कहते हैं।

Note : जब नदियों के वितरिकाओं की संख्या अधिक हो जाती है तो वह पक्षी के पैर के समान दिखने लगती है और इससे बनी डेल्टा को पक्षीपात डेल्टा कहते हैं।

- मिसिसिपि नदी (USA) पक्षीपात डेल्टा बनाती है। उसका डेल्टा सबसे चौड़ा है।



- **ज्वारनद (एस्चुरी)**–जब किसी नदी के मुहाने पर पर्वत खड़ा हो तो नदियाँ अपने सिल्ट को जमा करके किनारे में वितरिका बनाकर नहीं निकल सकती है, क्योंकि दोनों किनारों पर पर्वत होता है। अत: यह सिल्ट को सागर में गिरा देती है जिसे एस्चुरी कहते हैं।
  - एस्चुरी बनने से सागर का तट बड़ा हो जाता है।
  - गोवा का मार्मागोवा बन्दरगाह एस्चुरी पर स्थित है।
  - सबसे बड़ा एस्चुरी गोदावरी नदी का है।
- नर्मदा तथा ताप्ती पश्चिम की ओर एस्चुरी बनाती है। जब कि दामोदर और गोदावरी पूर्व की ओर एस्चुरी आती है।

Remark : जब नदी के किसी एक छोड़ पर पर्वत खड़ा है, तो जिस ओर पर्वत होता है, उस ओर एस्चुरी बनता है और जिस ओर पर्वत नहीं हो उस ओर डेल्टा बनता है।



Note : गोदावरी नदी एस्चुरी एवं डेल्टा दोनों बनाती है।

- नदियाँ जब छोटे-पर्वत तथा उबड़-खाबड़ स्थल को काटकर बराबर कर देती है, तो उसे सम्प्राव्य मैदान कहते हैं।

भूमिगत जल द्वारा निर्मित स्थलाकृतियाँ

- भूमिगत जल द्वारा स्थलाकृति का निर्माण चूना-पत्थर की प्रधानता वाले क्षेत्रों में होता है।
- जिस स्थान पर चूना पत्थर की अधिकता होती है उसे कार्स्ट प्रवेश कहते हैं।
- यूरोप के यूकोस्लाविया में तथा मध्यप्रदेश के हिमाचल पर्वत में कार्स्ट प्रवेश पाए जाते हैं।
- भूमिगत जल जब भूमि में प्रवेश कर जाता है, तो वह अंदर एक गुफा/कंदरा क निर्माण करता है। इन गुफाओं में कठोर चट्टानें भी पायी जाती हैं, जो इन गुफाओं को गिरने से रोकती है।
- गुफाओं के प्रारम्भिक भाग को अंधी घाटी कहते हैं।
- **धेलरन्ध्र**–यह फार्स्ट प्रदेश के ऊपरी भाग में बनती है इसके द्वारा सतह पर छोटे-छोटे छिद्र हो जाते हैं।
- **डोलाइन**–यह धेलरन्ध्र के आकार में बड़ा होता है।
- **थुवाला**–यह डोलाइन से बड़ा तथा गहरा भी होता है।
- **पोल्जे**–जब कार्स्ट प्रवेश अत्यधिक अपरदन के कारण कट कर नीचे की ओर गिरने लगता है तो इसके ढाल को पोल्जे कहते हें।
- **टेराशेसा**–पोल्जे के कारण अत्यधिक अपरदन होता है। जिसमें चूना पत्थर के साथ-साथ लाल रंग की डोलोमाइट चट्टानें भी होती है। इनके निक्षेपण को टेरा-शेसा कहते हैं।
- **स्टेलेटाइट**–कन्दरा के ऊपर की ओर लटकी स्थलाकृति को स्टेलेटाइट कहते हैं। इसका निर्माण कम अपरदन के कारण होता है।
- **स्टेलेमाइट**–जब अपरदन अधिक होता है तो नीचे की ओर चूना पत्थर का जमाव हो जाता है जिसे स्टेलेमाइट कहते हैं।
- **कंदरा स्तम्भ**–जब स्टेलेटाइट तथा स्टेलेमाइट आपस में मिल जाते हैं तो उसे कंदरा स्तम्भ कहते हैं।



सागरीय जल द्वारा निर्मित स्थलाकृति

- सागरीय जल द्वारा तटों पर स्थलाकृत का निर्माण किया जाता है।
- सागरीय तरंगों की उत्पत्ति कौश्योलिस बल तथा पवनों के कारण होता है।
- **समुद्रीगुफा**–जब समुद्र पर पर्वत होते हैं, समुद्री लहरें उस पर्वत को नीचे से काट देती है और गुफा का निर्माण कर देती है।
- **मेहराब**–जब समुद्र में कोई पहाड़ी पायी जाती है तो उसमें भी गुफा का निर्माण होता है और जब ये गुफा आर-पार ले जाती है तो उसे मेहराब कहते हैं।
- **लैगून झील**–जब सागरीय तट पर सिल्ट के जमाव से झील का निर्माण होता है तो उसे लैगून झील कहते हैं। लैगून झील खारे पानी की होती है।
- लैगुन झील को क्याल या पश्च् सागर झील भी कहते हैं।
- **दंतुरित तट**–सागरीय तट जब कटा-पिटा या उबड़-खाबड़ होता है, तो उसे दंतुरित तट कहते हैं। यह बंदरगाह निर्माण में सहायक होते हैं।



पवनों द्वारा निर्मित स्थलाकृति

- पवनों द्वारा मरूस्थलीय क्षेत्र में स्थलाकृति का निर्माण होता है।
- **घर्षण**–जब वायु किसी चट्टान से टकराती है, घर्षण कहते हैं।
- **अपघर्षण**–वायु में उपस्थित धूलकण जब किसी चट्टान से टकराते हैं तो उसे अपघर्षण कहते हैं।
- **सनिघर्षण**–वायु में उपस्थित धूलकण जब आपस में टकरा कर टूटने लगते हैं तो उसे सनीघर्षण कहते हैं।
- **क्षत्रपशिला**–जब किसी बड़े चट्टान के नीचे मुलायम चट्टान पाई जाती हैं, तो वायु मुलायम चट्टान को अपरदित कर देती है। जिससे छाता के समान आकृति बनते हैं जिसे क्षत्रप शिला कहते हैं।



- **इन्सेलवर्ग**–मरूस्थल में कठोर चट्टानी टीले को इन्सेलवर्ग कहते हैं।
- **ज्युगेन**–इन्सेलवर्ग को पवनें ऊपर से काट देती है तो दबाव से डिब्बा के समान आकृति बनती है। जिसे ज्युगेन कहते हैं।
- **डाइकाण्टर**–जब इन्सेलवर्ग को हवाएँ चारों ओर से काट देती हैं, तो चतुष्फलकीय आकृति बन जाती है। इन चतुष्फलकीय आकृति को डाइकाण्टर कहते हैं।



- **भूस्तंभ**–जब किसी कठोर चट्टान को दोनों ओर मुलायम चट्टान पाई जाती है तो पवनें मुलायम चट्टान को अपरदित कर देती है। जिससे स्तम्भ की आकृति बन जाती है, जिसे भूस्तम्भ कहते है।
- **थाइडेड**–जब कठोर तथा मुलायम चट्टानें समानांतर पायी जाती है तो भूस्तंभ की एक कतार बन जाती है। जिसे थारडेड कहते हैं।



- **जालीदार शिला**–मरूस्थलीय क्षेत्र में पवनें पहाड़ियों पर छिद्रनुमा आकृति बना लेती है। जिसे जालीदार शिला कहते हैं।



- **वातरन्ध्र**–पवनें जब मरूस्थलीय भूमि में (गर्त) गड्डा का निर्माण करती हैं, तो उसे वातरन्ध्र कहते हैं।



- **वाल्सन झील**–मरूस्थलीय क्षेत्र में पर्वतों से घिरी हुई झील को वाल्सन झील कहते हैं।

  Ex. अजमेर का आना सागर।

  वाल्सन झील जब सूख जाता है तो उसे .... कहते हैं यह नमक का अच्छा स्त्रोत होता है।
- **बरखान**–मरूस्थलीय क्षेत्र में अर्द्धचन्द्राकार बालू के टीले को बरखान कहते हैं।

- **बालूका स्तूप**–मरूस्थलीय क्षेत्र में बालू के चन्द्राकार टीले को स्तुप कहते हैं।
- **लोयस का मैदान**–मरूस्थलीय क्षेत्र में बालू वायु द्वारा उड़ाकर ले जाती है और जिस स्थान पर इसे निक्षेपित किया जाता है। उसे लोयस का मैदान कहते हैं। लोयस का मैदान उपजाऊ होता है। बड़ा लोयस का मैदान चीन में है।



हिमनद द्वारा निर्मित स्थलाकृति

- शुद्ध हिमनद द्वारा अपरदन का कार्य नहीं होता हैं। किन्तु जब हिमनद में चट्टान या लकड़ी उपस्थित हो तो वह अपरदन करने लगती है।
- **'U' आकार की घाटी**–बर्फीले क्षेत्र में दो पहाड़ों के बीच 'U' आकार को घाटी बनती हैं।

  लटकती घाटी–जब किसी बड़े हिमनद से कोई छोटा हिमनद आकर जुड़ जाता है, तो उसे लटकती घाटी कहते हैं।



- **नुनाटक**–जब किसी छोटे हिमनद के ऊपर बड़ा हिमनद आ जाता है तो उसे नुनाटक कहते हैं।



- **शार्क**–हिमनद क्षेत्र में बनने वाली गर्त को शार्क कहते हैं।
- **एरिटी**–जब किसी चट्टान के दोनों ओर शार्क का निर्माण हो जाता है तो उसे एरिटी कहते हैं।
- **गिरिश्रृंग**–जब ऐरटि एक श्रृंखला के रूप में होते हैं तो उसे गिरिश्रृंग कहते हैं।



- **फियोड तट**–बर्फीले क्षेत्र समुद्र के किनारे की खड़ी ढ़ाल को फियोड तट कहते हैं।
- **मोरेन**–फियोड तट पर ऊपर के बर्फीले सतह को मोरेन कहते हैं।



- **रास मुटाने**–जब बर्फ को निक्षेपण भेड़ के बाल के समान हो जाता है, तो उसे रास मुटाने कहते हैं।
- **ड्रमलिन**–जब हिमनद के निक्षेपण उल्टा नाव के समान हो जाता है, तो उसे ड्रमलिन कहते हैं।



- **हिमोढ़**–जब हिमानी का निक्षेपण एक चादर के समान समतल रूप में होता है, तो उसे हिमोढ़ कहते हैं।
- **बर्हिजात बल**–पृथ्वी सतह पर उत्पन्न वह बल जो पृथ्वी के सतह को उबड़-खाबड़ बनाने का प्रयत्न करता है, बर्हिजात बल कहलाता है।

  Ex. अपक्षय, अपरदन तथा निक्षेपण etc.
- **अन्तर्जात बल**–यह पृथ्वी के अन्दर से उत्पन्न होता है और पृथ्वी की ऊपरी सतह को बराबर करने का प्रयत्न करता है। Ex. भूकंप, ज्वालामुखी